# रिलायन्स फाउण्डेशन टीचर अवार्ड सी.एम.एस. शिक्षिका को



लखनऊ, 16 जनवरी। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस की शिक्षिका सुश्री शहाना हुसैन को शिक्षण पद्धति में उल्लेखनीय योगदान हेतु 'रिलायन्स फाउण्डेशन टीचर अवार्ड' से नवाजा गया है। सुश्री शहाना ने सेंटा टीचिंग प्रोफेशनल्स ओलम्पियाड में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अद्वितीय प्रदर्शन कर यह सम्मान अर्जित किया है। यह जानकारी सुश्री शहाना ने वर्तमान दौर में छात्रों की क्षमताओं को समझते हुए अपनी शिक्षण पद्धति में सृजनात्मकता व नवीनता को प्रमुखता से अपनाया है और नवीनतम तकनीकों का उपयोग कर 'टीचिंग–लर्निंग' के उच्चस्तरीय मानक स्थापित करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सुश्री शहाना को उनकी सफलता हेतु हार्दिक बधाई दी है। सी.एम.एस. शिक्षकों की लगन व कर्तव्यनिष्ठा के बलबूते ही विद्यालय दिन प्रतिदिन नये कीर्तिमान गढ़ रहा है तथापि सी.एम.एस. शिक्षकों ने विद्यालय के 65 वर्षीय शैक्षिक सफर में कई आयाम स्थापित किए हैं जिस पर सिर्फ लखनऊवासियों को ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश व देश को गर्व है। इन्हीं विद्वान शिक्षकों की बदौलत सी.एम.एस. अपने छात्रों को भौतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक तीनों प्रकार की शिक्षा देकर उन्हें चुस्त एवं संतुलित व्यक्तित्व का धनी, मानव जाति के लिए ईश्वर का उपहार एवं टोटल क्वालिटी पर्सन बनाने के लिए प्रयत्नशील है।

# मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने की मण्डी परिषद के विकास कार्यों की समीक्षा

लखनऊ। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह द्वारा सोमवार को किसान मण्डी भवन लखनऊ में मण्डी परिषद की आय–व्यय एवं विकास कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने जिन मण्डलों द्वारा लक्ष्य की प्राप्ति की गयी है, उन्हें बधाई दी एवं जिन मण्डलों द्वारा लक्ष्य की प्राप्ति नहीं की गयी, उन्हें आगामी 15 दिनों के अन्दर लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के लिए कटिबद्ध है। इसलिए किसानों से जुड़े कार्यो एवं योजनाओं में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने समीक्षा में निर्देशित किया गया कि वित्तीय वर्ष 2023–24 के अनुमोदित बजट के सापेक्ष जो अवशेष स्वीकृतियॉ हैं उन्हें अविलम्ब निर्गत किया जाय। वित्तीय वर्ष 2023–24 के अनुमोदित बजट के सापेक्ष लगभग 75 प्रतिशत स्वीकृतियां निर्गत की जा चुकी है। मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा के अन्तर्गत निर्गत स्वीकृतियों का शिलान्यास एवं लोकार्पण जनप्रतिनिधियों से कराया जाय। मंत्री श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष अभियान चलाकर मण्डी परिषद एवं मण्डी समितियों की साफ–सफाई करवाई जाए। मण्डी समितियों में जहाँ पर अतिक्रमण किया गया, उसे एक अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटाया जाये। जिन मण्डियो में रिक्त भूमि हैं वहाँ पर व्यापारियों की माँग के अनुसार दुकानें बनवाकर आवंटन की प्रक्रिया की जाय। कार्यों की गुणवत्ता के लिए नियमित रूप से मण्डी स्थलों का निरीक्षण किया जाय। गड्ढा मुक्त अभियान के अन्तर्गत मण्डी परिषद की सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने हेतु सड़कों को श्रेणियों में बांटकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में संयुक्त निदेशक प्रशासन सचिन कुमार सिंह, उपनिदेशक प्रशासन चन्दन पटेल, मुख्य अभियन्ता मुख्यालय सत्य प्रकाश एवं प्रदेश के समस्त उपनिदेशक प्रशासन, संयुक्त निदेशक निर्माण एवं उपनिदेशक निर्माण द्वारा वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया गया।

# भरत जी द्वारा चित्रकूट से खडाऊ लेकर अयोध्या धाम नन्दीग्राम आने के प्रसंग संबंधी 05 दिवसीय यात्रा 19 जनवरी को अयोध्या में समाप्त होगी

संवाददाता।

लखनऊ। जैसा कि सर्वविदित है कि त्रेतायुग में कैकेयी की हठ पर राजा दशरथ जी के द्वारा भरत जी को अयोध्या की राजगद्दी तथा प्रभु श्रीराम जी को 14 वर्ष का वनवास मिलने की खबर पाकर ननिहाल से लौटे श्री भरत जी प्रभु श्रीराम को चित्रकूट से अयोध्या वापस लाने की मनुहार की इच्छा असफल रहने पर श्रीराम जी की चरण–पादुका (खड़ाऊँ) को शीर्ष पर रखकर वापस अयोध्या लौटे तथा उसी चरण–पादुका को राज्य सिंहासन पर विराजमान कर 14 वर्षों तक अयोध्या की सत्ता चलाने का काम किया था। त्रेतायुग की उस दृश्य की याद ताजा करते हुए श्रीराम वनगमन पथ मार्ग यात्रा का शुभारम्भ दिनांक 15 जनवरी 2024 को मन्दाकिनी के जल–कलश के साथ भरतकूप (चित्रकूट) से नगर भ्रमण करते हुए भव्यता, दिव्यता एवं नव्यता के साथ संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में हरिकथा सत्संग टीम, स्वयंसेवकों, सेवावर्ती कार्यकर्ताओं एवं भारत भक्ति संस्थान के सन्त बाबा सत्यनारायण मौर्या की अगुवाई में शुरू किया गया है। यात्रा में हजारों स्वयं सेवकों तथा साधु–सन्तों के साथ–साथ सैकड़ों कलाकारों जिसमें खासकर बुन्देलखण्डी, अवधी संस्कृति से जुड़े कलाकारों के द्वारा लगभग 70 बुन्देलखण्डी एवं अवधी संस्कृतियों की थीम पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देने का काम किया जा रहा है। रात्रि विश्राम चित्रकूट में हुआ। प्रातःकाल विभिन्न विद्यालयी बच्चों के द्वारा योग शिविर का आयोजन एवं बच्चों के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। जहाँ हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति एवं सहभागिता रही।यह यात्रा 16 जनवरी 2024 को मंझनपुर, कौशाम्बी से गुजरते हुए द्वितीय रात्रि यानी 16 जनवरी 2024 को इस यात्रा का प्रवास प्रयागराज में रहेगा। जहॉ भव्य, दिव्य प्रस्तुतियॉ संस्कृति विभाग की विख्यात कलाकारों द्वारा करायी जायेगी। 17 जनवरी 2024 को राम भक्तों एवं सांस्कृतिक कलाकारों, साधु सन्तों एवं स्वयंसेवकों के साथ हजारों की संख्या में यह यात्रा प्रयागराज नगर भ्रमण करती हुई संजय निषाद अगुवाई करते हुए रात्रि विश्राम उसी निषादराज गुहा के प्रांगण में करेगें। प्रातः चरण–पादुका का पूजन–अर्चन कर इसे मंत्री द्वारा विधिवत भ्रमण कराते हुए स्वागत सम्मान के साथ आगे के लिए रवाना किया जायेगा। यह यात्रा प्रतापगढ़ होते हुए 18 जनवरी 2024 को चतुर्थ रात्रि विश्राम जनपद सुलतानपुर में करेगी तथा रास्ते भर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ, स्वागत सम्मान कार्यक्रम, स्थानीय रामभक्तों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जायेगा। 19 जनवरी 2024 को प्रातः स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा इस यात्रा का पूजन–अर्चन एवं स्वागत करके अन्तिम पड़ाव नन्दीग्राम अयोध्या के लिए ससम्मान प्रस्थान कराया जायेगा तथा रास्ते भर इसका भव्य उत्सव एवं अलौकिक सम्मान–सत्कार, ढोल–मजीरों, बैण्ड–बाजों के साथ होकर 19 जनवरी 2024 को अपने अन्तिम पड़ाव नन्दीग्राम अयोध्या सायं 06.00 बजे पहुॅचेगी। इस यात्रा का समापन उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति द्वारा किया जायेगा। समापन कार्यक्रम के बाद श्रीराम गमन पथ यात्रा की चरण–पादुका को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पदाधिकारियों को सौंप दी जायेगी।यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिह ने दी। उन्होंने बताया कि मकर संक्रान्ति की तिथि से शुरू हो चुकी यह यात्रा लगभग 370 किमी0 की इस पांच दिवसीय ऐतिहासिक चरण–पादुका यात्रा में आस–पास के मन्दिरों धार्मिक स्थलों, विद्यालयों तथा गॉवों व नगरों से गुजरते हुए इस यात्रा का स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों, साधु–सन्तों, कलाकारों द्वारा अपनी–अपनी तरह से स्वागत–सत्कार रास्ते भर किया जायेगा, साथ ही साथ सरयू के जल–कलश के द्वारा शोभा–यात्रा में जगह–जगह स्थानीय बैण्डबाजों, पुष्प वर्षा, जगह–जगह इन चरण–पादुका का स्वागत किया जायेगा। मुख्य रथ पर प्रसाद का वितरण, प्रचार–प्रसार, अयोध्या आने का निमन्त्रण, लोक कलाकारों का नृत्य एवं सन्तों का आशीर्वचन, प्रभु श्रीराम लला का मन्दिर एवं अयोध्या का दर्शन, एल0ई0डी0 के माध्यम से संचालन एवं साउण्ड एवं लेजर शो का आयोजन सम्पूर्ण यात्रा में की जायेगी।

# प्रदेश में नेफेड व एनसीसीएफ द्वारा उपभोक्ताओं को रियायती दर पर भारत दाल, भारत आटा एवं प्याज उपलब्ध कराया जा रहा

## भारत दाल (चना दाल 60.00 रूपये प्रति किलो, भारत आटा 27.50 रूपये प्रति किलो तथा प्याज 25.00 रूपये प्रति किलो की दर से उपलब्ध

संवाददातां

लखनऊ। भारत सरकार की योजना के अंतर्गत प्रदेश में नेफेड व एनसीसीएफ द्वारा उपभोक्ताओं को रियायती दर पर भारत दाल (चना दाल) भारत आटा एवं प्याज को अपने बिक्री केन्द्रों व मोबाइल वैन के माध्यम से भारत दाल (चना दाल) 60.00 रूपये प्रति किलो, भारत आटा 27.50 रूपये प्रति किलो तथा प्याज 25.00 रूपये प्रति किलो की दर से उपलब्ध कराया जा रहा है।यह जानकारी प्रदेश के खाद्य एवं रसद प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने देते हुए बताया कि नेफेड द्वारा रियायती दर पर भारत दाल (चना दाल) भारत आटा एवं प्याज का विक्रय कुल 21 जिलों व शहरों में 167 मोबाईल वैनध्रिटेल आउटलेट के माध्यम से किया जा रहा है। नेफेड द्वारा अब तक 5205.85 मीट्रिक टन भारत दाल, 17192.4 मीट्रिक टन भारत आटा तथा 185.29 मीट्रिक टन प्याज का विक्रय आम उपभोक्ताओं को किया गया है। प्रमुख सचिव ने बताया कि इसी प्रकार एनसीसीएफ द्वारा रियायती दर पर भारत दाल (चना दाल) भारत आटा एवं प्याज का विक्रय कुल 21 जिलों व शहरों में 138 मोबाईल वैनध्रिटेल आउटलेट के माध्यम से किया जा रहा है। एनसीसीएफ द्वारा अब तक 949 मीट्रिक टन भारत दाल, 639.6 मीट्रिक टन भारत आटा तथा 12121.1 मीट्रिक टन प्याज का विक्रय आम उपभोक्ताओं को रियायती दर पर किया गया है। 09 जनवरी, 2024 तक इन एजेंसियों द्वारा कुल 6154.85 मीट्रिक टन भारत दाल, 17832 मीट्रिक टन भारत आटा तथा 12306.39 मीट्रिक टन प्याज का विक्रय आम उपभोक्ताओं को रियायती दर पर किया गया है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारियों को आम उपभोक्ताओं के लिए इस योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार कराने के निर्देश दिये गये हैं। जिलाधिकारियों को यह भी निर्देश दिये गये है कि साप्ताहिक बाजारों, हॉटों एवं सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल वैन के माध्यम मे भारत दाल, भारत आटा एवं प्याज की बिक्री को बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में इन एजेंसियों को अपेक्षित सहयोग प्रदान करें।

# जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह आज अचानक तेलीबाग स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के डाक्टर राम मनोहर लोहिया परिकल्प भवन कार्यालय पहुंचे

## कार्यालय कर्मचारियों की उपस्थिति एवं कार्यालय की साफ सफाई का निरीक्षण किया

संवाददाता। लखनऊ। प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह आज अचानक तेलीबाग स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया परिकल्प भवन कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने कार्यालय कर्मचारियों की उपस्थिति एवं कार्यालय की साफ सफाई का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने विभागीय अधिकारियोंध् कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने कार्यों को और बेहतर ढंग से संपादित करें जिससे विभाग देश और प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके। जलशक्ति मंत्री ने हेलो किसान सेवा के केंदीयकृत कॉल सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हेलो किसान सेवा पर किसानों से संबंधित समस्याओं का निराकरण तत्काल किया जाए। हेलो किसान सेवा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800 1805450 है जिस पर कॉल कर नहरध्नलकूप से संबंधित समस्या की शिकायत कर सकते हैं जिसका विभागीय अधिकारी द्वारा समाधान कर उनको सूचित भी किया जाएगा। स्वतंत्र देव सिंह ने उपस्थिति रजिस्टर, डाक डिस्पैच रजिस्टर, आदि की भी जांच की। कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति पर संतोष जताया। उन्होंने कर्मचारियों को कुशलता व प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने को कहा। कार्यालय में आवश्यक सुविधाओं का भी उन्होंने जायजा लिया।

# भाजपा सरकार बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी रोकने में विफल –अखिलेश यादव

संवाददाता।

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि भाजपा की सरकार ने जनता से किए गए पहले के वायदो को पूरा नहीं किया। भाजपा सरकार बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी रोकने में विफल है। किसानों की आय दुगनी नहीं हुई। जनता भाजपा से दुःखी है। सीमा पर जवान शहीद हो रहे हैं। सीमाएं असुरक्षित हैं। ऐसी भाजपा सरकार को जनता 2024 के लोकसभा चुनाव में जरूर हटा देगी।

मंगलवार को बाराबंकी में पूर्व विधायक अशर्फी लाल यादव जी की प्रतिमा के अनावरण के बाद मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की दस साल की सरकार में एक लाख से ज्यादा किसान आत्महत्या कर चुके हैं। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है। कहा कि लोकसभा के चुनाव में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन को मजबूत कर रही है। इंडिया गठबंधन भाजपा को हरायेगा। उन्होंने कहा कि पीडीए हमारे साथ है। भाजपा सरकार पीडीए के खिलाफ है। पीडीए के साथ अन्याय हो रहा है। समाजवादी पार्टी का पीडीए एकजुट होकर भाजपा को हराएगा।

इससे पहले आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में गरीबों के साथ अन्याय हो रहा है। किसानों को बर्बाद कर दिया। भाजपा अब विकसित भारत बनाने का झूठा सपना दिखा रही है। किसान, नौजवान परेशान है। भाजपा ने दस साल की सरकार में जनता को क्या दिया? क्या सिर्फ सपना दिखाने से देश विकसित हो जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने तमाम सरकारी संस्थानों को बेच दिया। निवेश के नाम पर विज्ञापन दिए गए लेकिन निवेश नहीं आया। बड़े पैमाने पर नौजवान बेरोजगार है। गांवों में 80 से 90 फीसदी नौजवान बेरोजगार है। जो काम करना चाहता है उसके पास नौकरी और काम नहीं है। भाजपा पिछड़े, दलितों के साथ साजिश कर जानबूझ कर अग्निवीर भर्ती लायी। फौज में गरीब किसान के बेटे जाते हैं। भाजपा ने उनकी नौकरी आधी अधूरी कर दी। समाजवादी सरकार आएगी तो अग्निवीर योजना खत्म कर नौजवानों को पहले की तरह सेना की पूरी नौकरी दी जाएगी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 706 जोड़ों की हुई शादी

## सिद्धार्थनगर में हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में ए.के. शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि किया प्रतिभाग

लखनऊ। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा मंगलवार को सिद्धार्थनगर जनपद पहुंचकर जिले के बीएसए ग्राउण्ड (जिला कारागार के सामने) में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। उन्होंने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आये वर–वधू को अपना आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य एवं खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना की।सिद्धार्थनगर जनपद में जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस विवाह कार्यक्रम में 706 जोड़ों की शादी पूरे विधि विधान एवं परम्पराओं व रीति–रिवाजों का पालने करते हुए करायी गयी। वर–वधू के इन जोड़ों में 637 हिन्दू जोड़े तथा 69 मुस्लिम जोड़े शामिल थे।जनपद के प्रभारी मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने बीएसए ग्राउण्ड में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के आशीर्वाद व प्रेरणा से इतना विशाल व भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसका मैं साक्षी बना। जिला प्रशासन ने बेहतर व्यवस्था की और हिन्दू–मुस्लिम के लड़के–लड़कियों को मिलाकर 706 जोड़ो की शादी सकुशल सम्पन्न करायी गयी।ए.के. शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों, असहायों व निर्धनों की बेटियों की शादी कराने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित की जा रही है, जिससे कि एक गरीब की पुत्री के भी हाथ पीले हो सकें और सम्मान के साथ अपने पति के साथ विदा होकर ससुराल जा सके। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा शादी समारोह होता है, जिसमें जिले के शीर्ष अधिकारियों से लेकर क्षेत्रीय सांसद, विधायक एवं अन्य जन–प्रतिनिधि व गणमान्य नागरिकों के साथ–साथ वर–वधू के रिश्तेदार, माता–पिता शामिल होकर वर–वधू को आशीर्वाद देते हैं और उनके उज्ज्वल जीवन की कामना करते हैं साथ ही वर–वधू के विवाह के साक्षी भी बनते हैं।

प्रभारी मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 51 हजार रूपये विवाह में खर्च किये जाते हैं, जिसमें 35 हजार रूपया नगद खाते में भेजा जाता है। 10 हजार रूपये की सामग्री दी जाती है। 600 रूपये का अतिरिक्त सामान वधू को प्रदान किया जाता है।

# राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस तथा विकसित भारत @2047 पर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

लखनऊ रू इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू क्षेत्रीय केंद्र तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार के जन शिक्षण संस्थान गोमती नगर लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर आज फैजुल्लागंज स्थित लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के ग्रामीण शोध केन्द्र पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे इग्नू के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ कीर्ति विक्रम सिंह ने कहा कि दिनांक 16 जनवरी 2016 को प्रधनमंत्री द्वारा की गई इस घोषणा से उद्यमी और नवाचार प्रोत्साहित हो रहे हैं जिससे कृषि, स्वास्थ्य, उद्यम प्रणाली , अंतरिक्ष, उद्योग 4.0 , पर्यावरण और अन्य उद्योगों को देश के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप्स की संख्या लगभग सवा लाख तक पहुंच गई है जोकि सरकार के विजन , उसके मिशन या उसके मकसद काफी हद तक पूरा करने में सफल भी हो रहें हैं। कार्यक्रम में आई आई एस आर भारत सरकार की परियोजना विषय ष्लाभार्थिओ में कौशल विकास का प्रभाव और हितग्राहियों की भूमिकाष की निदेशक प्रोफेसर डॉ सुनीता कुमार ने कहा कि ब्यूटी और सिलाई का गुणवत्तापरक कौशल प्राप्त कर महिलाएं प्रारम्भ में कम पूंजी में ही अपना उद्योग स्थापित कर धीरे धीरे अपने इस उद्योग से सफलता के शिखर तक पहुंच सकती हैं। इससे देश की अर्थव्यवस्था में उनकी एक अहम भूमिका होगी । संस्थान के निदेशक अनिल कुमार श्रीवास्तव ने विकसित भारत /2047 की चर्चा करते हुए कहा कि अगले 24 वर्षो यानी 2047 तक देश के विकास का खाका तैयार कर लिया गया है इसकी शुरुआत भी हो चुकी है जिसमे सभी युवाओं को कौशलपरक शिक्षा की ओर प्रेरित किया जा रहा है क्योंकि कौशल देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ के समान है इसके लिए विशेषकर महिलाओं को बढ़ चढ़ कर आगे आना होगा। कार्यक्रम में परियोजना के शोधार्थी देव कुमार पाण्डेय, मृदुल कुमार ने लाभार्थियो का उत्साजवर्धन करते हुए प्रश्नावली के माध्यम से प्रशिक्षण सम्बंधी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी पन्नालाल ने किया।



# कल से प्रयागराज–वाया अयोध्या–गोरखपुर के लिए वाल्बो बस का किया जायेगा संचालन

## अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को अच्छी परिवहन सुविधा के साथ स्वच्छ बस स्टेशन एवं बसे होगी मुहैया- दयाशंकर सिंह

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओंध्यात्रियों को अच्छी परिवहन सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु अनुबंध के आधार पर कल दिनांक 17 जनवरी, 2024 से एक वाल्बो बस प्रयागराज–गोरखपुर वाया अयोध्या–बस्ती मार्ग पर संचालित की जायेगी। उन्होंने बताया कि यह बस सेवा प्रयागराज से प्रातः 7.30 बजे चलेगी एवं प्रातः 11.35 बजे अयोध्या पहुंचेगी, तत्पश्चात अपराह्न 02.30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। यह बस गोरखपुर से सायं 03.30 बजे चलेगी, अयोध्या 6.35 बजे पहुंचेगी एवं रात 10.30 बजे प्रयागराज पहुंचेगी।

परिवहन मंत्री ने बताया कि साथ ही 22 जनवरी से 26 जनवरी तक सभी बस स्टेशनों की साज–सज्जा रखने के भी निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि यात्रियों–श्रद्धालुओं को बस स्टेशनोंध्बसों में रामधुन सुनाई दे। बस स्टेशनों पर एलईडी एवं फ्लैक्सी के माध्यम से श्रद्धालुओं–यात्रियों को बसों के आवागमन की जानकारी उपलब्ध होगी। साथ ही उन्होंने बस स्टेशनों एवं बसों की साफ–सफाई के विशेष निर्देश दिये हैं।

आज अयोध्या में उ0प्र0 के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र की अध्यक्षता में होने वाले राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों के दृष्टिगत समीक्षा बैठक हुई। बैठक में एमडी परिवहन निगम श्री मासूम अली सरवर, सीजीएमटी आर0एन0 वर्मा, जीएम आपरेशन मनोज पुंडीर ने प्रतिभाग किया। एमडी परिवहन निगम ने बताया कि मुख्य सचिव द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में परिवहन निगम के क्षेत्रीय अधिकारियों को स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय बनाते हुए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव महोदय ने तैयारियॉ चुस्त–दुरूस्त रखने के निर्देश दिये हैं। जिसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा।

# कड़ाके की ठंड पर भारी पड़ी आस्था, प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकाली शोभा यात्रा

संवाददाता।

सुल्तानपुर । 22 जनवरी को 500 वर्षों के संघर्ष व लाखों लोगों के प्राणों की आहुति के उपरांत हिंदुओं के आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इससे उत्साहित होकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विचार परिवार, कुशभवनपुर के संयोजन में मंगलवार दोपहर भव्य शोभायात्रा तिकोनिया पॉर्क से निकाली गई। इस मौके पर हजारों राम भक्त शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर कई संगठनों जैसे गायत्री परिवार, गोमती मित्र मंडल, व्यापारी संगठन, शिक्षक संगठन, आदि के कार्यकर्त्ता सम्मिलित हुए। मुख्य यात्रा तिकोनिया पार्क से प्रारंभ होकर शाहगंज चौराहा, दरियापुर तिराहा, पंचरास्ता, सब्जी मंडी, जिला अस्पताल से गन्दानाला होते हुए डाकखाना चौराहा पहुंची। वहां से नगर पालिका होते हुए तिकोनिया पार्क में शोभा यात्रा का समापन हुआ।

शोभा यात्रा में विभिन्न विद्यालयों के स्कूली बच्चे सड़क



पर उतरे और जय श्री राम के नारे लगाते दिखाई दिए।छात्र–छात्राएं राम सीता और लक्ष्मण की भूमिका में दिखे। ये झांकी शहर के प्रमुख मार्गों पर देखी गई। इस कार्यक्रम में एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल समेत भाजपा नेताओं की कार्यक्रम में मौजूदगी रही। आपको बता दें कि नगर कोतवाली पुलिस लगभग हर प्रमुख चौराहों पर तैनात रही। डीएम एसपी के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## विजेथुआ धाम के विवेक ने अयोध्या में आयोजित अमृत महोत्सव में दिया सहयोग

सुलतानपुर। सत्या माइक्रो कैपिटल के सीईओ व सुल्तानपुर के कादीपुर स्थित विजेथुआ धाम निवासी विवेक तिवारी ने आस्था के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाया है। स्वामी रामभद्राचार्य द्वारा अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व उनके द्वारा अयोध्या में अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया है। इसमें विवेक तिवारी ने भी अपना सहयोग दिया है। आपको बता दें कि रामभद्राचार्य द्वारा राम कथा कहने में भारी भीड़ जुटेगी ऐसे में 14 जनवरी से अयोध्या के लिए

# पशुधन प्रसार अधिकारी को प्रधान व उसके भाई ने पीटा

संवाददाता।

सुल्तानपुर। सरकारी गौशाला में पशु मारे जा रहे। इसका खुलास पशुधन प्रसार अधिकारी की शिकायत से हुआ है। पशुध ान प्रसार अधिकारी का आरोप है कि गौशाला के निरीक्षण के दौरान उनके साथ प्रधान व उसके भाई ने गाली–गलौज व मारपीट की। कोतवाली जयसिंहपुर में रिपोर्ट नहीं लिखी गई तो उन्होंने अब एसपी से एफआईआर दर्ज कराने की गुहार लगाया है। मामला जयसिंहपुर कोतवाली अंतर्गत पीढ़ी में स्थित सरकारी गौशाला का है। जहां छह दिन पूर्व में पशुधन प्रसार अधिकारी राजेश कुमार वर्मा निरीक्षण पर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान हमने ग्राम प्रधान को चुनी चोकर अधिक मात्रा में गोवंशो को खिलाने का निर्देश दिया। इससे नाराज ग्राम प्रधान कुलदीप मौर्या व प्रधान के भाई संदीप मौर्या अपना आपा खो बैठे। आरोप है कि दोनों भाइयों ने पशुधन प्रसार अधिकारी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट किया, उन पर थप्पड़ जड़ दिया। प्रधान ने कहा हम अपने अनुसार पशुओं को चारा भूसा देंगे तुमसे कोई मतलब नहीं। यही नहीं बल्कि आरोप है कि दबंग प्रधान ने पशुधन प्रसार अधिकारी से कहा कि यहां से भाग जाओ वरना जैसे पशु मर रहे तुम्हें भी मारकर गाड़ देंगे। पशुधन प्रसार अधि ाकारी कोतवाली जयसिंहपुर पहुंचे और अपने साथ हुई घटना से अवगत कराया। लेकिन वहां पर कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने एसपी से शिकायत किया है। उन्होंने मुकदमा दर्ज करने की मांग किया है।

# बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल

झांसी ! टहरौली–गुरसराय मार्ग पर ग्राम गढ़ीकरगांय के पास



देर शाम दो बाइकों की सीधी भिड़ंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमें से एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल होने पर मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया।जानकारी के मुताबिक मामला ग्राम रनयारा निवासी भैयालाल पुत्र कनौजी उम्र 65 वर्ष एवं शिवानी उम्र 20 वर्ष बाइक से जा रहे थे।जैसे ही वह ग्राम गढ़ीकरगांय के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही बाइक से इनकी भिडंत हो गई।हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरसराय ले जाया गया।जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद भैयालाल पुत्र कनौजी को हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया।

# पुलिस को आगे करके बुन्देली योद्धाओं पर लिखाये गये मुकद्दमे के परिणाम गम्भीर होंगे

झांसी! बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी , तत्तकालीन ग्रहमंत्री राजनाथ सिंह ,एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री उमाभारती ने हम बुन्देलियो से बादा किया था कि तीन साल के भीतर बुन्देलखण्ड राज्य बनबा दिया जायेगा ।आज दिनांक तक केन्द्र सरकार मैं किसी भी प्रकार कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया जिससे कुपित होकर राजनाथसिंह के झाँसी आगमन पर बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा द्वारा अखण्ड बुन्देलखण्ड में विरोध प्रदर्शन किया गया



एवं पुतले फूँके गये झाँसी रघुराज शर्मा , हमीदा अंजुम ,उत्कर्ष साहू ,प्रदीप नाथ झा एवं शिवमंगल सिंह (गोलू ठाकुर) इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चार्जशीट दाखिल कर दी उक्त पाँचो बुन्देली योद्धाओं की जमानत अधिवक्ता राजेंद्र शर्मा एवं अधिवक्ता अनुराग मिश्रा ने कराई जमानत उपरान्त मोर्चा अध्यक्ष भानू सहाय,कुँअर बहादुर आदिम ,पंकज रावत , वरूण अग्रवाल ,प्रभूदयाल कुशवाहा , हनीफ खान , नरेश वर्मा ,ब्रजेश राय ,शंकर रायकवार ,बंटी दुवे , नफीस कुरैशी ,इशरार अहमद , संजीव साहू ,कलाम कुरैशी आदि उपस्थित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों एवं पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे बाजी की एवं सामूहिक रूप से संकल्प लिया गया कि जितने मुकदमे और लिखबाना हो लिखबा दो ।जो कायर और भयातुर है बो सुलह के पापड़ बेलते है, जो सच्चे बीर बहादुर है सर देके सर से खेलते है बुन्देली योद्धा ना रूके है ना रूकेगे

# बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में युवा सामाजिक विज्ञान शिक्षण हेतु क्षमता निर्माण कार्यक्रम प्रारंभ

प्रदीप वर्मा जिला संवाददाता झांसी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षा संस्थान एवं टेक्नोलॉजी इनेबल केंद्र द्वारा दो साप्ताहिक क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन युवा सामाजिक विज्ञान शिक्षकों हेतु किया जा रहा है। कोर्स डायरेक्टर डॉ काव्या दुबे ने बताया कि यह कार्यक्रम 16 जनवरी से 27 जनवरी तक चलेगा। क्षमता निर्माण कार्यक्रम भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित है। इसके अंतर्गत 30 युवा सामाजिक विज्ञान शिक्षकों को शिक्षा के अंतर्गत आने वाली अनेक नवीन प्रणालियों, विषयों, शोध प्रविधियों पर देश के अनेक विश्वविद्यालय के विषय विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की जाएगी। प्रथम दिन बाबा साहब अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ के पुस्तकालय विज्ञान के प्रो विनीत कुमार ने सामाजिक एवं शैक्षणिक शोध और सामाजिक एवं शिक्षा के क्षेत्र में वैज्ञानिक पद्धतियों की प्रकृति पर व्याख्यान दिया। इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय नई दिल्ली के शिक्षा विभाग के प्रो अमित आहूजा ने रिसर्च प्रपोजल के निर्माण एवं शोध में साहित्य पुनरावलोकन के महत्व के विषय में जानकारी दी। नई दिल्ली के प्रो विजय वर्मा ने शोध में उपकल्पना निर्माण, प्रकार एवं एवं उपकल्पना के विभिन्न परीक्षणों के संबंध में अवगत कराया। झलकारी भाई महिला महाविद्यालय झांसी के प्रो एस एस कुशवाहा ने शोध के विभिन्न चरणों के संबंध में आने वाली समस्याओं का समाधान किया। इस अवसर पर कोर्स सह समन्वयक डॉ सुनील त्रिवेदी, आयोजन सचिव डॉ शंभू नाथ सिंह, डॉ मनीषा जैन, डॉ गुरदीप त्रिपाठी, डॉ शिल्पा मिश्रा, डॉ गजला अहमद, डॉ शिवांगी निगम, डॉ भुनेश्वर मस्तानिया, डॉ दीप्ति सिंह, डॉ अमित कुशवाहा, शिखा खरे, प्रतिभा खरे, राधा गुप्ता एवं नेहा पाठक उपस्थिति रहीं।



# भारत में पहली बार सोलर बोट के जरिए सरयू यात्रा कराएगी योगी सरकार

## –3.3 किलोवाट रूफटाप एसेंबल्ड सोलर पैनल युक्त बोट है रिमोट व्यूइंग से लैस

अयोध्या । रामनगरी अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव को पुनर्स्थापित करने का प्रयास कर रही योगी सरकार जल्द ही एक ऐसा प्रयोग करने जा रही है जो पूरे देश में इनलैंड वॉटरवे सर्विसेस की रूपरेखा बदलकर रख देगा। सीएम योगी आदित्यनाथ का विजन है कि अयोध्या को मॉडल सोलर सिटी के रूप में परिवर्तित किया जाए, ऐसे में यहां देश में पहली बार सोलर पावर इनेबल्ड ई–बोट को सरयू में उतारा गया है। सीएम योगी के दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) ने अयोध्या की सरयू नदी में इस बोट सर्विस के नियमित संचालन की रूपरेखा तैयार कर ली है। इस बोट को सरयू घाट के किनारे असेंबल किया गया है तथा देश के विभिन्न कोनों से इसके कल–पुर्जे व अन्य साजो–सामान मंगाए गए हैं। फिलहाल, एक बोट को कंप्लीट कर लिया गया है तथा इसके टेस्टिंग फेज की प्रक्रिया जारी है। माना जा रहा है कि 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में होने वाले प्राण–प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्व सीएम योगी द्वारा इसका उद्घाटन किया जाएगा तथा आगे आने वाले दिनों में ऐसी अन्य बोटों के नियमित संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा।यह सोलर पावर इवेबल्ड बोट क्लीन एनर्जी के जरिए संचालन की परिकल्पना के आध ार पर कार्य करती है। यह ड्यूअल मोड ऑपरेटिंग बोट है जो 100 प्रतिशत सोलर इलेक्ट्रिक पावर बेस पर काम करती है। इसे सोलर एनर्जी से चार्ज करने के साथ ही इलेक्ट्रिक एनर्जी के जरिए भी ऑपरेट किया जा सकता है। सबसे खास बात यह है कि यह बोट कैटामरैन केटेगरी की है जिसके अंतर्गत दो हल स्ट्रक्चर्स को जोड़कर एक बोट स्ट्रक्चर में कन्वर्ट किया जा सकता है। यह बोट फाइबरग्लास बॉडी युक्त है जोकि लाइट वेट व हेवी ऑपरेशन ड्यूरेबल मटीरिल से बनी है। साथ ही, बोट के संचालन के दौरान किसी प्रकार के ध्वनि या पर्यावरणीय प्रदूषण नहीं होता है। इस बोट में एक बार में 30 लोग यात्रा कर सकेंगे तथा यह सरयू नदी में नया घाट से संचालित होगी। इस बोट टूर का ट्रैवलिंग ड्यूरेशन एक घंटे से लेकर 45 मिनट के आसपास रखा जाएगा जिसमें सरयू नदी के किनारे स्थित विभिन्न ऐतिहासिक मंदिरों व धरोहरों का दर्शन यात्री कर सकेंगे। हालांकि, बोट की ऑपरेटिंग कैपेसिटी इससे कहीं ज्यादा है और पूरी तरह चार्ज होने पर 5 से 6 घंटे तक के प्रोपल्शन टाइमफ्रेम को मैनेज किया जा सकता है। इस बोट को पुणे की सनी बोट्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से असेंबल किया गया है जबकि चेन्नई की रा सोर्स प्राइवेट लिमिटेड इसमें सोलर व प्रोपल्शन पार्टनर की भूमिका निभा रहा है। यूपीनेडा के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रवीण नाथ पाण्डेय ने बताया कि यह बोट 12 किलोवॉट इलेक्ट्रिक आउटबोर्ड ट्विन मोटर आधारित है। बोट में 46 किलोवॉट प्रति घंटा क्षमता वाली एलेपटी बैटरी लगाई गई है तथा बोट 30 पैसेंजर्स व 2 क्रू के लिहाज से ऑपरेशनल होगी। 17 से 18 तारीख के बीच बोट तमाम टेस्टिंग प्रक्रियाओं से गुजरेगी जिसमें जलावरतण भी शामिल होगा जिसके बाद आगामी 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले इसका उद्घाटन हो जाएगा। यह बोट रिमोट व्यूइंग जैसी क्लास अपार्ट फैसिलिटी से भी लैस है।

# मुख्य सचिव ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

## –पंचशील व रामायणा होटल का किया निरीक्षण

अयोध्या। प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र मंगलवार को भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों का निरीक्षण करने पहुंचे। मुख्य सचिव के अयोध्या पहुंचने पर मंडलायुक्त गौरव दयाल ने स्वागत किया। मुख्य सचिव ने सबसे पहले महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग में विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आने वाले यात्रियों की सुविधा हेतु सूचना केन्द्र बनाने तथा गेट के बाहर उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के दृष्टिगत यात्रियों के स्वागत हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंच बनाकर उस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जाने के निर्देश दिये। इसके उपरांत उन्होंने 22 जनवरी को अयोध्या आने वाले विशिष्ट अतिथियों के सुविधाओं के लिए विभिन्न होटलों यथा–पंचशील होटल, रामायणा होटल का निरीक्षण कर होटल संचालकों को आने वाले अतिथियों के बेहतर आतिथ्य भाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अगले चरण में उन्होंने आवास विकास परिषद द्वारा प्रस्तावित नव्य अयोध्या टाउन शिप में पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 25 हजार श्रद्धालुओं ठहरने के लिए बनायी जाने वाली टेंट सिटी के स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थलीय निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया कि इस टेंट सिटी में बेहतर ले आउट प्लान के साथ पर्याप्त मात्रा में प्रकाश व्यवस्था,सड़कों, पीने के पानी, शौचालयों के साथ ड्रैनेज सिस्टम की बेहतर प्लानिंग के निर्देश दिए। अगले चरण मुख्य सचिव द्वारा भगवान श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तैयारियों एवं उसके पश्चात श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों हेतु लगाये गये सभी विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें मण्डलायुक्त ने की जा रही तैयारियों के सम्बंध में विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया और एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया ने सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में जानकारी दी। इस अवसर पर आईजी प्रवीण कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर ने सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में की जा रही तैयारियों की रूपरेखा बतायी। नगर आयुक्त विशाल सिंह ने नगर निगम एवं अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा अयोध्या शहर को सजाने और साफ सुरक्षा रखने के लिए बनायी गयी कार्ययोजना का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।मुख्य सचिव ने अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को डिजिटल माध्यम से सभी आवश्यक जन सुविधाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जिस पर मंडलायुक्त ने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 14 जनवरी 2024 को लांच किए गए दिव्य अयोध्या ऐप में सभी जानकारियां उपलब्ध है जिसके माध्यम से सभी जानकारी श्रद्धालुओं को मिल सकती है। मुख्यसचिव ने कहा कि अयोध्या में संचालित ई बसों की समय सारिणी एवम रूट की जानकारी के बेहतर प्रचार प्रसार हेतु जगह जगह पर होर्डिंग आदि लगाते हुए इसे डिजिटल माद्यम से जोड़ने हेतु चलो ऐप से लिंक करने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी करते हुए इसका बेहतर प्रचार प्रसार किया जाय। इस अवसर पर निदेशक नगर विकास राजेन्द्र पेन्सिया,मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव,एम0डी0 पर्यटन अश्विनी पांडेय,ए0डी0आर0एम0 रेलवे, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अगले चरण में मुख्य सचिव ने अयोध्या के अन्य प्रमुख स्थलों का निरीक्षण किया।

# अतिथियों के लिए उच्चस्तरीय प्रोटोकाल समिति गठित

संवाददाता।

अयोध्या। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में 22 जनवरी को शामिल होने आ रहे देश–विदेश के विशिष्ट जनों के स्वागत और सम्मान के लिए सरकार ने उच्च स्तरीय प्रोटोकॉल समिति का गठन किया है। समिति में शामिल शासन–प्रशासन के आला अधिकारियों को प्रोटोकॉल के मुताबिक आमंत्रित अतिथियों के स्वागत, विदाई, प्रवास , भोजन, परिवहन और समुचित श्रेणी की सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने की हिदायत दी है। विशेष सचिव मुख्यमंत्री व प्रोटोकॉल प्रथमेश कुमार की ओर से पत्र मिलने के बाद जिलाधिकारी नितीश कुमार ने एसएसपी,एडीएम सिटी,सिटी मजिस्ट्रेट और क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। शासन ने प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री गृह एवं प्रोटोकॉल की अध्यक्षता में गठित इस समिति में सचिव गृह विभाग, मंडलायुक्त लखनऊ व अयोध्या, पुलिस आयुक्त लखनऊ, विशेष सचिव मुख्यमंत्री एवं प्रोटोकॉल, राज्य संपत्ति अधिकारी, प्रबंध निदेशक पर्यटन व राज्य सड़क परिवहन निगम, विशेष सचिव संस्कृति विभाग, जिलाधिकारी लखनऊ, अयोध्या व बाराबंकी, एसएसपी अयोध्या व एसपी बाराबंकी, निदेशक नागरिक उड्डयन विभाग, अपर जिलाधिकारी प्रोटोकॉल लखनऊ, प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल बाराबंकी व अयोध्या को सदस्य नामित किया है। समिति को अतिथियों की गरिमा के अनुरूप व्यवस्थाओं की उपलब्धता के लिए सक्षम स्तर के प्रोटोकॉल अधिकारियों व कार्मिकों की तैनाती का निर्देश दिया है। वहीं पुलिस विभाग को सक्षम स्तर के नोडल अधिकारी नामित कर प्रोटोकॉल के मुताबिक सुरक्षा उपलब्ध ा कराने की हिदायत दी गई है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आ रहे अति विशिष्ट व विशिष्ट जनों को उनकी गरिमा व सुरक्षा श्रेणी के मुबाबिक व्यवस्था उपल्ब्ध कराने की कवायद शुरू कर दी है। सभी के आगमन और प्रस्थान से लेकर रुकने, भोजन और विचरण का पूरा ब्योरा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से समन्वय कर तैयार किया जा रहा है। किस अतिथि को कहां से रिसीव करना है और किस रूट से उनके ठहरने के स्थान और कार्यक्रम स्थल ले जाना है, का पूरा खाका खींचा जा रहा है। अतिथियों के प्रोटोकॉल के मुताबिक उनसे समन्वय, उनकी सुरक्षा, आवागमन के लिए उचित साधन आदि के लिए विशेष टोलियां तैयार की जा रही है और पुलिस की ओर से स्कोर्ट और सुरक्षा

# अयोध्या धाम में सिया- राम लखन प्रतिमा पूजन प्राण प्रतिष्ठा अभिनंदन

झाँसी! सामाजिक संस्था नव–प्रभात के तत्वाधान में महानगर महिला प्रकोष्ठ कृति द्वारा सभी आयु वर्ग की महिलाओं लड़कियों को सशक्त व स्वाबलंबी बनाये जाने के उद्देश्य से नारी अंतर्मन की



रचनात्मक ध सृजनात्मक प्रतिभाओं का सर्वोत्कृष्ट विकास करने में सहयोगी महिला सदस्यों के आनंद–उल्लास– मनोरंजन समूह ग्रुप कृति फ्रेंडस क्रिएटिविटी क्लब की महिला सदस्यों द्वारा अयोध्या ध ाम में सिया राम लखन प्रतिमा पूजन एवं प्राण प्रतिष्ठा पावन पर्व आगमन के उपलक्ष में आध्यात्मिक ध्यान विधि संग आध्यात्मिक नारी सशक्तिकरण संकल्प आनंदोत्सव कार्यशाला का आयोजन वृंदावन लाल वर्मा पार्क, झांसी में किया गया।

# बुलेरो सड़क से खाई में गिरी, चालक घायल

झांसी! थाना एरच क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत बेरियर के पास बुलेरो गाड़ी सड़क से 20 से 25 फीट गहरी खाई में गिर कर क्षतिग्रस्त हो गई। जिसमें कार चालक मामूली रुप से घायल हो गया। उसे उपचार दे दिया गयाझांसी के पूंछ क्षेत्र से एरच की ओर बोलेरो गाड़ी नंबर यूपी 95 यू 1013 जा रही थी। गाड़ी जब एरच थाना क्षेत्र में नगर पंचायत के बेरियर के पास पहुंची तभी अचानक चालक गाड़ी से संतुलन खो बैठा और गाड़ी सहित चालक सड़क से 20 से 25 फीट नीचे गहरी खाई में गिर गया। इस घटना में



गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई, किंतु इस दौरान चालक गंभीर घायल होने से बच गया सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त गाड़ी से चालक को निकाल कर उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। बताया जा रहा है कि गाड़ी में चालक के अलावा अन्य कोई और सवार नहीं था

# तीन पालियों में 73128 परीक्षार्थी रहे शामिल

## –एक छात्रा अनुचित साधन का प्रयोग करते धरी गई

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक सेमेस्टर तीन पालियों की परीक्षा में 73 हजार 128 परीक्षार्थी शामिल रहे। वहीं 1021 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विवि की स्नातक प्रथम पाली की परीक्षा में सचलदल द्वारा विभिन्न केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया जिनमें ज्ञान स्मारक महिला महाविद्यालय, अम्बेडकरनगर के परीक्षा केन्द्र पर बीए प्रथम सेमेस्टर की एक छात्रा अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़ी गई। इस छात्रा पर विश्वविद्यालय परीक्षा नियमानुसार कार्यवाही गई। विवि के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि तीनों पालियों की परीक्षा में 73128 परीक्षार्थी शामिल रहे जिनमें 1021 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा में 19416 छात्र और 53712 छात्राएं रही। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि सचलदल की तलाशी में ज्ञान स्मारक महिला महाविद्यालय, अम्बेडकरनगर में एक छात्रा अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पाई गई।

# प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोहावल में धार्मिक अनुष्ठान

## –ढेमवा सरयू आरती दीपदान, हनुमानगढ़ी में हो रहा कथा वाचन

सोहावल–अयोध्या। सोमवार का दिन राम कथा और सरयू आरती के नाम रहा। प्रसिद्ध प्राचीन हनुमानगढ़ी सुचित्तागंज में कथा व्यास पंडित ओंकार नाथ दुबे, यज्ञा चार्य महेश शास्त्री अयोध्या, कथा वाचिका शालिनी दुबे के मुखार बिंदु से राम कथा का वाचन किया गया। मुख्य यजमान राम किशन सोनी, पुजारी पंडित सुरेंद्र नाथ दुबे, शांत दुबे,अंकित सिंह,अतुल मिश्र आदि महिलाओ की मौजूदगी रही। शाम सूर्यास्त के बाद सरयू तट ढेमवा घाट पर सामाजिक संस्था अमृत आश्रम की ओर से भव्य सरयू आरती और दीपदान का आयोजन संपन्न हुआ। यजमान आयोजक अमित गुप्ता, पुष्पेंद्र पाण्डेय, अरुण पाण्डेय, कमलेश पाण्डेय, पंडित शैलेंद्र द्विवेदी, नीरज मौर्य,राहुल आदि सहित बड़ी

# संपादकीय

## ताईवानी लोगों का चीन को ठेंगा!

विलियम लाई चिंग–टी ताईवान के नए राष्ट्रपति चुने गए हैं। चीन से ताईवान की आजादी की पक्षधर उनकी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) ने तीसरी बार जीत हासिल की है। जहां एक ओर ताईवान खुशी में झूम रहा है जश्न मना रहा है, वहीं चीन में शी जिन पिंग शायद लाल–पीले हो रहे होंगे, गुस्से से उबल रहे होंगे।आखिकार, ताईवान का अपनी मातृभूमि का हिस्सा बनाना शी जिनपिंग का पुराना सपना है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ताइवान को अपने देश का पवित्र, खोया हुआ इलाका मानती है। कुछ सप्ताह पहले शी ने ताइवान के चीन में विलय को श्ऐतिहासिक अवश्यंभावित्ताय बताया था।लेकिन डीपीपी और लाई चिंग–टी की वापसी से यह श्अवश्यंभावित्ताय हवा–हवाई नजर आ रही है। यह एक निर्णायक चुनाव था जिसमें ताईवानी मतदाताओं ने जाहिर तौर पर चीन की उस धमकी को नजरअंदाज कर दिया जिसमें डीपीपी को पृथकतावादी बताया गया था। चीन ने कहा था कि डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी को वोट देने का मतलब है युद्ध के लिए वोट देना। जनता ने अपनी राय जाहिर कर दी है।शनिवार को करीब 70 फीसदी मतदाताओं ने वोट दिया। ताईवान के ज्यादातर लोग न तो स्वतंत्रता के पक्षधर हैं ना ही तुरंत एकीकरण के, बल्कि वे यथास्थिति अर्थात व्यावहारिक तौर पर ताईवान को आजाद बनाए रखना चाहते हैं। लाई चिंग–टी ने 40 प्रतिशत वोटों के साथ जीत हासिल की है। उन्होंने ताईवान की संप्रभुता से समझौता किए बिना चीन की राह रोकने की अपनी पार्टी की नीति जारी रखने का वायदा किया है। चुनाव जीतने के बाद जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने जनमत की सराहना करते हुए कहा, ताईवान दुनिया को यह संदेश दे रहा है कि लोकतंत्र और अधिनायकवाद में से हम लोकतंत्र के पक्षधर हैं।उन्होंने अपने भाषण में यह वायदा भी किया कि वे चीन की जुबानी और सैन्य धमकियों से ताईवान की रक्षा करेंगे।डीपीपी की जीत से दोनों महाशक्तियों दृ चीन और अमरीका दृ की बढ़ती प्रतिद्वंद्विता के और जोर पकडने की संभावना है दृ और यह अगले चार सालों तक तीखी होगी।हालांकि इस जीत पर चीन की पूरी प्रतिक्रिया आने वाले महीनों में सामने आएगी मगर फिलहाल, नतीजे आने के तुरंत बाद, चीन ने एक चेतावनी भरा वक्तव्य जारी किया है। ताईवानी मामलों के उसके ऑफिस ने कहा कि इस चुनाव से इन दोनों देशों के संबंधों की दिशा में बदलाव नहीं होगा। मतलब यह कि अस्थिरता और तनाव का दौर जारी रहेगा और यह भी लगभग निश्चित है कि वह और गंभीर स्वरुप लेगा।चुनाव प्रचार के दौरान चीनी अधिकारियों ने वक्तव्यों और सरकारी प्रकाशनों के सम्पादकीय लेखों में लाई चिंग–टी को खलनायक बताया, उन्हें ताईवान की आजादी का अडियल पैरोकार ताईवान स्ट्रेट के दोनों ओर अमन–चौन नष्ट करने वाला और एक घातक युद्ध का संभावित रचयिता आदि बताया। ताईवान की स्वतंत्रता के बारे में लाई चिंग–टी के विचार अपने पूर्ववर्ती की तुलना में अधिक स्पष्ट हैं और वे उन्हें बिना लागलपेट के व्यक्त करते रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने संकल्प व्यक्त किया था कि वे आधुनिकीकरण की राह पर चलते रहेंगे और एकाएक ताईवान को स्वतंत्र घोषित करने जैसा कोई कदम नहीं उठाएंगे (हालांकि अब डीपीपी के नेता कह रहे हैं कि ताईवान पहले से ही स्वतंत्र है इसलिए इसकी घोषणा करने की कोई जरूरत नहीं है!)। उनके साथी और उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सियाओ बी–किम, जो अमेरिका में ताईवान के प्रतिनिधि रहे हैं और अब उपराष्ट्रपति निर्वाचित हो गए हैं, उन्हें भी वाशिंगटन में ताईवान की स्वतंत्रता का एक दृढ़ किंतु चौकन्ना रक्षक माना जाता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि डीपीपी का दुबारा सत्ता में आना अमेरिका के लिए कई दृष्टियों से फायदेमंद है। एक तो 2.30 करोड़ की जनसंख्या और सारी दुनिया को माईक्रोप्रोसेसर का सप्लायर होने के कारण ताईवान, वाशिंगटन के लिए वैश्विक स्थिरता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। और दूसरे चीन से मुकाबले में उलझे अमेरिका के लिए ताईवान में श्लोकतंत्र की जीत्ताय एक दृष्टि से उसकी भी जीत है और कई मायनों में चीन की हार है। लेकिन यह सब निश्चित ही शी जिन पिंग को पसंद नहीं आ रहा होगा। दुनियाभर के जानकारों ने इन दोनों के बीच बढ़ती प्रतिद्वंद्विता और इसके एक युद्ध की कगार तक पहुंचने के खतरे को लेकर चिंता जाहिर की है। बीजिंग ने यह साफ कर दिया है कि वह वाशिंगटन से ताईवान पर दबाव डालने और उसे दिए जाने वाले सैन्य समर्थन में कमी लाने की मांग करता रहेगा। वैसे भी, अमरीका और चीन के कूटनीतिक संबंधों में एक–दूसरे को चेताते हुए संदेशों की भरमार है।इस बीच आने वाले दिनों में चीन, ताईवान की राजनीति में दुष्प्रचार, धमकियों और आर्थिक प्रोत्साहनों के जरिए हस्तक्षेप करने का प्रयास करता रहेगा। चीनी अधिकारियों ने यह संकेत भी दिया है कि वे टैरिफ संबंधी रियायतों में कमी करके ताईवान के व्यापार को प्रभावित करने का कदम भी उठा सकते हैं। चीनी लड़ाकू विमान, ड्रोन और जहाज लगभग प्रतिदिन ताईवान की सीमा का उल्लंघन करते रहते हैं और आगे यह और बढेगा, ऐसी सम्भावना है। चीन चाहता है कि ताईवानी डीपीपी को चुनने के लिए पछताएं। लेकिन ज्यादा बड़ी प्रतिक्रिया तो 20 मई को ही आ सकती है जब नई सरकार सत्ता संभालेगी।

## बेरोजगारी का संगीन साया

एक तो आशंका है कि इस वर्ष विश्व की विकसित अर्थव्यवस्थाएं मंदी का शिकार हो सकती हैं। दूसरी तरफ टेक कंपनियां अब बड़े पैमाने पर एआई का इस्तेमाल कर रही हैं। इस कारण पहले जितने कर्मचारियों की जरूरत पड़ती थी, अब उतनी नहीं रह गई है। नए साल की शुरुआत के साथ टेक्नोलॉजी क्षेत्र की कंपनियों में कर्मचारियों की छंटनी की खबरें आने लगी हैं। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, फेसबुक सभी ने एलान किया है कि इस वर्ष वे अपनी कर्मचारियों की संख्या में कटौती करेंगी। इसकी दो वजहें बताई गई हैं। एक तो आशंका है कि इस वर्ष विश्व की विकसित अर्थव्यवस्थाएं मंदी का शिकार हो सकती हैं। दूसरी तरफ ये कंपनियां अब बड़े पैमाने पर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर रही हैं। इस कारण पहले जितने कर्मचारियों की जरूरत पड़ती थी, अब उतनी आवश्यकता नहीं रह गई है। इस बीच टीसीएस और इन्फोसिस जैसी भारत की भी बड़ी कंपनियों ने अपनी पिछली तिमाही की जो रिपोर्ट जारी की है, उसके परिणाम निराशाजनक आए हैं। इसका प्रभाव इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों पर अवश्य पड़ेगा। मतलब यह कि हाई टेक क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए संकटपूर्ण दिन आने वाले हैं। वैसे यह सूरत सिर्फ टेक क्षेत्र की नहीं है। संयुक्त राष्ट्र की श्रम एजेंसी अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने चेतावनी दी है कि नए साल में दुनिया भर में बेरोजगारी बढने का अंदेशा है।आईएलओ ने कहा है कि साल 2022 में वैश्विक बेरोजगारी दर 5.3 प्रतिशत थी, जो पिछले साल थोड़ी बेहतर होकर 5.1 प्रतिशत रही। लेकिन आईएलओ के अध्ययन के मुताबिक 2024 में श्रम बाजार परिदृश्य और बेरोजगारी के बिगडने की आशंका है। इस साल वैश्विक बेरोजगारी दर बढ़कर इस साल 5.2 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी। आईएलओ के मुताबिक जी–20 के सदस्य अधिकांश देशों में अतिरिक्त आय में कमी आई है। महंगाई बने रहने की वजह से जीवन स्तर में जो गिरावट हुई है, वह जल्द सुधरने वाली नहीं है। आईएलओ ने दुनिया भर में बढ़ती गैर–बराबरी और सुस्त उत्पादकता पर चिंता जताई है। लेकिन आईएलओ ने अपने एक अन्य अध्ययन के आधार पर कहा है कि चीन, रूस और मेक्सिको को छोड़कर जी–20 के सदस्य देशों में 2023 में औसत वास्तविक वेतन में गिरावट आई हुई। ब्राजील, इटली और इंडोनेशिया में वास्तविक वेतन में सबसे तेज गिरावट देखी गई।

# सोमनाथ से अयोध्या तक... तुष्टिकरण की राजनीति पर कायम है कांग्रेस



वर्तमान में देश में राम नाम की प्रचंड लहर के चलते अब कांग्रेस नेता, समर्थक और मीडिया का एक वर्ग यह साबित करने में जुटा है कि राम मंदिर में कांग्रेस का भी योगदान है। जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि, कांग्रेस ने राम के नाम पर घिनौनी राजनीति का प्रदर्शन किया है।रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी शामिल नहीं होंगी। कांग्रेस भले ही राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर को भाजपा और आरएसएस को इवेंट बताती रहे। लेकिन कांग्रेस ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से दूरी बनाकर वही गलती की है, जो गलती कभी पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने की थी। उस वक्त पंडित नेहरू सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन में नहीं गए थे। असल में मुस्लिम तुष्टिकरण उसके एजेंडे में प्रथम स्थान पर है। उसके एजेंडे में न सोमनाथ था और न ही अयोध्या है। इतिहास के पन्ने पलटे तो स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार पटेल ने मुहम्म्द गजनवी द्वारा तोड़े गए भगवान सोमनाथ के मंदिर का पुनः निर्माण कराया था। सोमनाथ मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने तक सरदार स्वर्गवासी हो गए तो कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा 11 मई 1951 को सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन कराया। उस समय प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के विरोध के बावजूद डॉ. राजेंद्र प्रसाद सोमनाथ गए। वर्तमान में देश में राम नाम की प्रचंड लहर के चलते अब कांग्रेस नेता, समर्थक और मीडिया का एक वर्ग यह साबित करने में जुटा है कि राम मंदिर में कांग्रेस का भी योगदान है। जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि, कांग्रेस ने राम के नाम पर घिनौनी राजनीति का प्रदर्शन किया है। एक ऐसी राजनीति जिसने राम मंदिर मुद्दे को उलझाने का काम किया। कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक की राजनीति करते हुए केवल तुष्टिकरण का ही सहारा लिया। राम मंदिर केस में कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया था कि अयोध्या मामले की जांच को कोर्ट 2019 के आम चुनाव तक टाल दे। 2008 में तत्कालीन यूपीए सरकार ने इस मामले में हलफनामा दाखिल कर सेतु समुद्रम परियोजना के लिए राम सेतु को तोड़ कर तय वर्तमान मार्ग से ही लागू किये जाने पर जोर देते हुए कहा था कि भगवान राम के अस्तित्व में होने के बारे में कोई पुख्ता साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। ये भी कहा था कि रामायण महज कल्पित कथा है। हिंदू विरोध की भावना कांग्रेस के डीएनए में है। आजादी के बाद प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने पहली लोकसभा में 1955–56 में हिंदू कोड बिल्स पास किए। इस बिल को लेकर डॉ. राजेंद्र प्रसाद और पंडित जवाहर लाल नेहरू के बीच राजनीतिक मतभेद उत्पन्न हो गया था। इसकी एक बड़ी वजह दोनों का धर्म को लेकर रवैया था। वर्ष 1976 में इंदिरा ने देश में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में संशोधन किया, जिसमें सेक्युलर शब्द शामिल किया गया था। जिसका मतलब था कि भारत हिन्दू देश होते हुए भी हिन्दू देश नहीं कहा जा सकता। 1991 में लागू किया गया यह प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट कहता है कि 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। यह कानून तब लाया गया जब राम मंदिर आंदोलन अपने चरम सीमा पर था। स्वतंत्रता के बाद से वंदे मातरम राष्ट्रगान है। इसे लेकर कहा जाता है कि जवाहरलाल नेहरू ने इसका विरोध किया था। उन्होंने इसे मुसलमानों के विरोध में बताया था। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कार्यकाल में तत्कालीन शिक्षा मंत्री मोहम्मद करीम छागला राज्यसभा में एक प्रस्ताव लाये थे जिसमें काशी हिंदू विश्वविद्यालय से हिंदू शब्द हटाने की बात कही गई थी, जबकि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से मुस्लिम शब्द हटाने की बात नहीं थी। इसके विरोध में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बेनियाबाग मैदान में 1965 में सभा की थी। साल 1966 को गोहत्या रोकने के लिए कानून बनाने की मांग कर रहे निहत्थों संतों पर इंदिरा गांधी सरकार ने गोलियां चलवाई थी। वर्ष 1976 में इंदिरा ने देश में आपातकाल के दौरान प्रस्तावना में संशोधन किया, जिसमें सेक्युलर शब्द शामिल किया गया था। जिसका मतलब था कि भारत हिन्दू देश होते हुए भी हिन्दू देश नहीं कहा जा सकता। कांग्रेस सरकार द्वारा 1991 में प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट लागू किया गया। पूजा स्थल कानून कहता है कि पूजा स्थलों की जो स्थिति 15 अगस्त 1947 में थी वही रहेगी। इस कानून की परिधि से अयोध्या की राम जन्मभूमि को अलग रखा गया है। कानून कहता है अयोध्या राम जन्म भूमि मुकदमे के अलावा जो भी मुकदमे हैं वे समाप्त समझे जाएंगे। यह कानून अदालत के जरिये अपने धार्मिक स्थलों और तीर्थों को वापस पाने के अधिकार से वंचित करता है। कानून आक्रांताओं के गैर कानूनी कृत्यों को कानूनी मान्यता देता है। कानून हिंदू, बौद्ध, जैन और सिखों को अपने पूजा स्थलों और तीर्थों का वापस कब्जा पाने से वंचित करता है जबकि मुसलमानों को वक्फ कानून की धारा सात के तहत ऐसा अधिकार मिला हुआ है। वर्ष 1992 में अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, इस कानून ने अल्पसंख्यक लोगों को बढ़ावा दिया और हिंदुओं को बांट दिया। भारत के अधिकांश मंदिरों पर सरकारों का नियंत्रण है। लेकिन, इसी देश में वक्फ एक्ट के तहत वक्फ बोर्ड को इतनी असीमित ताकतें दी गई हैं कि वो तमिलनाडु के तिरुचेंथुरई में स्थित एक 1500 साल पुराने मंदिर समेत पूरे गांव पर ही दावा ठोक सकता है। वक्फ बोर्ड के पास भारतीय सेना और रेलवे के बाद सबसे बड़ी मात्रा में जमीन है। नवंबर 2004 में कांग्रेस के सत्ता में आने के कुछ महीनों के अंदर ही दिवाली के मौके पर कांची कोटि पीठ के शंकराचार्य जयेंद्र सरस्वती को हत्या के एक केस में गिरफ्तार करवाया गया। यूपीए सरकार के दौरान मालेगांव ब्लास्ट मामले में उत्तर प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत को फंसाने की साजिश रची गई थी। समझौता ब्लास्ट केस में पाकिस्तानी आतंकवादी पकड़ा गया था, उसने अपना गुनाह भी कबूल किया था, लेकिन महज 14 दिनों में उसे चुपचाप छोड़ दिया। इसके बाद इस केस में स्वामी असीमानंद को फंसाया गया। साल 2006 में मनमोहन सिंह ने कहा कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। 16 मई, 2016 को तीन तलाक पर सुप्रीम कोर्ट में चल रही थी।

# खडगे भरोसे का नाम!

हरिशंकर व्यास

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे न केवल कांग्रेस के लिए उपयोगी साबित हो रहे हैं, बल्कि विपक्ष के लिए भी भरोसे का चेहरा बने हैं। तभी अरविंद केजरीवाल से लेकर उद्धव ठाकरे सभी से सीटों के बंटवारे पर बात आगे बढ़ रही है। माना जा सकता है कि खडगे यदि श्इंडियात्ताय के अध्यक्ष बने तो विपक्ष 2024 का लोकसभा चुनाव कुछ राज्यों में कायदे से लड़ेगा। मैं विपक्ष की जीत की उम्मीद में नहीं हूं। लेकिन देश, राजनीति और लोकतंत्र से सरोकारों में मेरी चाहना है कि विपक्ष मजबूती से लड़े और उसे अच्छी संख्या में सीटें मिलें ताकि वह जिंदा रहे और लोकतंत्र सुरक्षित बने। भारत राष्ट्र–राज्य की एकता और अस्तित्व के लिए जरूरी है, जो मौजूदा सत्ता याकि नरेंद्र मोदी व भाजपा की रीति–नीति के विरोधियों का लोकतंत्र में विश्वास कायम रहे। यदि देश में पचास–पचपन प्रतिशत आबादी भाजपा के खिलाफ वोट देती है तो जरूरी है कि इन वोटों, समुदायों की आवाज, इनका प्रतिनिधित्व विधायिका में सम्मानजनक बना रहे!

उस नाते 2024 का चुनाव खत्म होते विपक्ष के लिए आर–पार का है। ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, शरद पवार, अरविंद केजरीवाल से अखिलेश यादव, मायावती, लेफ्ट फ्रंट सबके लिए यह चुनाव आखिरी है। यदि लोकसभा चुनाव में इनका पूरा सफाया (इसकी आंशका है) हुआ तो इन सभी विरोधी नेताओं का सियासी वजूद मिटेगा। भाजपा का सीट लक्ष्य चार सौ पार का है। और ऐसा होना बंगाल, पंजाब, दिल्ली, यूपी, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र में भाजपा की छप्पर फाड़ जीत से ही संभव है।इसलिए कांग्रेस और उसके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे का रोल अहम है। खडगे की कमान में विपक्षी एलायंस में संजीदगी से सीट बंटवारे पर बात हो रही है। उनके कारण जहां कांग्रेस में समझदारी बनी है वही प्रदेश कांग्रेस नेताओं के किंतु–परंतु खत्म हुए हैं। उधर दूसरी पार्टियों के नेता भरोसे में हैं। कांग्रेस की सभी पार्टियों से प्रदेशवार बात हो रही है। कांग्रेस में अहमद पटेल की मृत्यु के बाद जो संकट था वह खत्म होता लगता है। हकीकत है कि अहमद पटेल के बाद राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और पार्टी मुख्यालय एआईसीसी में राजनीतिक नेटवर्किंग, मेलजोल, संपर्क–संबंधों का ढर्रा बुरी तरह बिखरा। वैक्यूम बना। इसलिए भी क्योंकि राहुल गांधी अपनी धुन में अकेले और दो–तीन विश्वस्तों (जो बदलते रहे हैं) की नौकरशाही एप्रोच की राजनीति के अभ्यस्त हैं वही सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की अपनी सीमाएं हैं।

इसलिए कांग्रेसियों में यह शिकायत आम है कि अध्यक्ष के घर–दफ्तर व एआईसीसी और राहुल–प्रियंका के घर–दफ्तरों में कार्यकर्ताओं और शुभेच्छुओं के लिए एक्सेस तो मोदी–शाह के यहां से भी अधिक कठिन है। कांग्रेस का हर बड़ा नेता, प्रादेशिक क्षत्रप अपने आपको सर्वज्ञ नरेंद्र मोदी से कम सर्वज्ञ नहीं समझता है और लगातार चुनाव हारते जाने के बावजूद आलाकमान नेता अपने को राजनीति व चुनाव का ग्रैंडमास्टर समझते हैं। कांग्रेसी नेताओं का मिजाज जमीनी कार्यकताओं से मिलने, उन्हें करो–मरो की राजनीतिक लड़ाई के लिए प्रेरित करने का कतई नहीं है। सभी शिकायत करते मिलते हैं– हमें पूछता कौन है? मिलने का वक्त कौन देता है?

बहरहाल, मल्लिकार्जुन खडगे की अध्यक्षता से कुछ बदला लगता है। दरअसल मल्लिकार्जुन खडगे चुनाव लड़–लड कर, उन्हें जीतते हुए नेता बने हैं। हिसाब से खडगे का जैसा जो राजनीतिक जीवन और अनुभव है वह जहां कांग्रेस में संभावनाओं का प्रमाण है वही राजनीतिबाजों के लिए अनुकरणीय भी। फिलहाल शरद पवार (83 वर्षीय) को छोड़ खडगे सभी पार्टियों के मौजूदा सक्रिय नेताओं में सर्वाधिक उम्रदराज (81 वर्षीय) हैं लेकिन सेहत–सक्रियता–समझ और संजीदगी में मजबूत हैं। मामूली बात नहीं है जो खडगे 1972 से लगातार बारह दफा विधानसभा–लोकसभा चुनाव लड़े और ग्यारह बार जीते। इतना ही नहीं उनकी कन्नड़, हिंदी, अंग्रेजी में पकड़ धाराप्रवाह भाषण की है।मैं इस सबा उल्लेख इसलिए कर रहा हूं क्योंकि नीतीश कुमार या शरद पवार आदि में किसी की जगह यदि श्इंडियात्ताय के संयोजक, अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे बनते हैं तो विपक्षी एलायंस में बिखराव नहीं बनेगा। शरद पवार खुद उम्र और सेहत की वजह से महाराष्ट्र में अपने को समेटे हुए हैं। नीतीश कुमार के अरमान हैं लेकिन उन पर भरोसा अब जनता दल यू के भीतर भी नहीं रहा होगा। वे पार्टी में भाजपा के करीबी नेताओं की कठपुतली बन गए लगते हैं। सो, वे कब पाला बदल लें, क्या बोल जाएं, इसका चुनाव घोषणा तक सस्पेंस रहेगा।

यों विपक्ष को चेहरे की जरूरत नहीं है। न नरेंद्र मोदी के आगे उसे कोई चेहरा प्रोजेक्ट करना चाहिए। सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में विरोधी पार्टियों को सिर्फ और सिर्फ वह नेता चाहिए जो विरोधी नेताओं को परस्पर जोड़े रखो और उनके दिल–दिमाग में यह सत्य पैठाए कि यह उनकी राजनीति का आखिरी चुनाव है!

सवाल है क्या मल्लिकार्जुन खडगे उत्तर भारत के विरोधी नेताओं को समझा सकेंगे? वे कांग्रेस को क्या हिंदी भाषी राज्यों में लडने लायक बना सकेंगे? मुश्किल है। अपना मानना है वे खुद अपनी पार्टी के उत्तर भारतीय नेताओं, क्षत्रपों को भी नहीं समझा सकते हैं कि उन्हें क्यों कर लोकसभा चुनाव में करो–मरो की मेहनत करनी है! कांग्रेस के लिए जरूरी है जो वह राज्यसभा, एआईसीसी और प्रदेशों में बैठे सभी मठाधीशों को लोकसभा चुनाव लड़ाए। जो काम भाजपा करती है और माहौल बनाती है वह कांग्रेस–विपक्ष को भी करना होगा। भाजपा ने हालिया विधानसभा चुनावों में अपने कई मठाधीश नेताओं को विधानसभा चुनाव में उतारा। इससे यह नैरेटिव बना कि नरेंद्र मोदी–अमित शाह चुनाव जीतने के लिए सब कुछ दांव पर लगाए हुए हैं लेकिन कांग्रेस में ऐसे आइडिया पर काम करवाने की सोच और हिम्मत न राहुल, प्रियंका, सोनिया गांधी में है और न मल्लिकार्जुन खडगे बैठकों में उत्तर भारत के कथित बड़े नेताओं को लोकसभा चुनाव में झोंकने के मूड में हैं।सचमुच यदि यूपी, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छतीसगढ़, उत्तराखंड, बिहार, गुजरात मतलब भाजपा के गढ़ों में कांग्रेस सभी आला नेताओं को चुनाव लड़ाने का इरादा बनाए तो चालीस–पचास उम्मीदवारों की उसकी ऐसी लिस्ट बनेगी, जिससे अपने आप कांग्रेस के करो–मरो मोड में चुनाव लगने की हवा बनेगी। कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, चरणदास महंत, सीपी जोशी, सचिन पायलट, प्रमोद तिवारी, हरीश रावत, राज बब्बर, पीएल पुनिया, आनंद शर्मा, अजय माकन, अरविंदर सिंह लवली, भूपेंदर सिंह हुड्डा, दीपेंदर सिंह हुड्डा, अजय राय, गोविंद सिंह डोटासरा, जीतू पटवारी, या राज्यसभा के तमाम कांग्रेसी सांसदों, विधायक नेताओं, प्रदेश अध्यक्षों, दिग्गज विधायकों को लोकसभा चुनाव लड़वाना चाहिए ताकि हिंदी भाषी प्रदेशों में तीन–चार दर्जन सीटों पर कांग्रेस के कड़े मुकाबले का मनोविज्ञान बने।

पर इस तरह की किसी आक्रामक एप्रोच में एआईसीसी और मल्लिकार्जुन खडगे फिलहाल दिखलाई नहीं दे रहे हैं। जबकि हिसाब से कांग्रेस का सबसे बड़ा संकट राजस्थान, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, हरियाणा जैसे राज्यों में भाजपा से सीधे मुकाबले का है। ये प्रदेश भाजपा को शत–प्रतिशत नतीजा देने वाले हैं। इसलिए राजस्थान में सचिन पायलट या अशोक गहलोत व मध्य प्रदेश में कमलनाथ, दिग्विजय सिंह जैसों के चुनाव में उतरने से कांग्रेस को एक–दो सीट भी मिली तो वह भाजपा को झटका होगा।

पर कांग्रेस के उत्तर भारतीय आला नेताओं में निज प्रतिष्ठा दांव पर लगा कर चुनाव लडने का अब हौसला नहीं है। ऐसा संकट लगभग सभी विरोधी पार्टियों का है। कहने को उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव, मायावती, जयंत चौधरी अपने बूते लोकसभा चुनाव में जीतने का इलहाम पाले हुए हैं लेकिन ये और इनके राज्यसभा सांसद शायद ही लोकसभा चुनाव लडने की हिम्मत करें।सो, इस मामले में भी मल्लिकार्जुन खडगे और उनकी टीम को पहल करनी चाहिए। कांग्रेस और आप में, खडगे और केजरीवाल में सीट बंटवारे की बातचीत के जो संकेत हैं तो सीट समझौता तो होता लगता है। मगर हर सीट पर प्रत्याशी को लेकर भी एलायंस में आपसी सलाह–मशविरा होना चाहिए। जैसे दिल्ली में सात सीटें हैं। कांग्रेस व आप में इनका बंटवारा हुआ तब भी जरूरी है दोनों पार्टियों के प्रदेश नेताओं में, चुनाव क्षेत्र विशेष के नेताओं में बिगड़े हुए संबंधों की केमिस्ट्री दुरूस्त हो। दोनों पार्टियों की लोकल यूनिट से कॉमन फीडबैक से उम्मीदवार के नाम पर फैसला हो।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के लिए आसान नहीं आगे की राह

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के गठन के साथ ही साय सरकार के लिए चुनौतियों का दौर शुरू हो चुका है, जिससे उसे लगातार जूझते रहना पड़ेगा। सबसे बड़ी चुनौती है प्रदेश में विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए हजारों करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व जुटाने की। छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव परिणाम घोषित हुए एक महीने से भी ज्यादा हो चुका है और सभी मंत्रियों को विभाग आवंटित किए जाने के बाद प्रदेश में भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार के गठन का काम पूरा हो चुका है। कई दिनों के इंतजार के बाद पिछले दिनों छत्तीसगढ़ में मंत्रियों के विभागों का बंटवारा किया गया, जिसमें मुख्यदमंत्री विष्णु देव ने अपने पास पांच विभाग रखे हैं जबकि दोनों उपमुख्यमंत्रियों को भी अहम विभाग सौंपे गए हैं। मुख्यमंत्री ने सामान्य प्रशासन विभाग, खनिज, जनसम्पर्क, परिवहन और आबकारी विभाग अपने पास रखा है जबकि उपमुख्यमंत्री अरुण साव को लोक निर्माण साथ पीएचई, विधि, और नगरीय प्रशासन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दूसरे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को गृह विभाग के अलावा पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा, रोजगार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग दिया गया है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री सहित अधिकतम 13 मंत्री हो सकते हैं और मुख्यमंत्री साय तथा दो उपमुख्यमंत्रियों के अलावा राज्य में 10 और मंत्री बन सकते हैं। बृजमोहन अग्रवाल को स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, रामविचार नेताम को आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग, दयालदास बघेल को खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, केदार कश्यप को वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता विभाग, लखनलाल देवांगन को वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम विभाग, श्याम बिहारी जायसवाल को लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग, ओपी चौधरी को वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, लक्ष्मी राजवाड़े को महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग और टंकराम वर्मा को खेलकूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग आवंटित किए गए हैं। सभी विभागों के आवंटन के बाद मंत्री का एक पद रिक्त रह गया है, जिसे बाद में भरा जाएगा। 3 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के 10 दिन बाद 13 दिसंबर को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में विष्णु देव साय के साथ दो उपमुख्यमंत्रियों अरुण साव और विजय शर्मा ने भी शपथ ली थी। उसके बाद हुए मंत्रिमंडल विस्तार में 22 दिसंबर को 9 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई थी, जिन्हें करीब एक सप्ताह बाद विभाग आवंटित किए गए। विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल की सबसे खास बात यह है कि साय कैबिनेट में सभी वर्गों का विशेष ध्यान रखा गया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा आलाकमान द्वारा मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्रियों में जातिगत समीकरणों का इस प्रकार ख्याल रखा गया है ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में सभी वर्गों के मतदाताओं को साधा जा सके। प्रदेश की 12 सदस्यीय कैबिनेट में 2 सामान्य, 6 ओबीसी, 3 एसटी और 1 एससी को शामिल किया गया है। मंत्रिमंडल में 8 बार के विधायक बृजमोहन अग्रवाल, वरिष्ठ नेता केदार कश्यप, दयालदास बघेल और रामविचार नेताम ऐसे चेहरे हैं, जो पिछली भाजपा सरकार में मंत्री रह चुके हैं जबकि अरुण साव, विजय शर्मा, आईएएस से नेता बने ओपी चौधरी और टंकराम वर्मा पहली बार विधायक बनने के बाद मंत्री बने हैं जबकि श्याम बिहारी जायसवाल और लखनलाल देवांगन पहले भी एक बार विधायक रहे हैं। मुख्यमंत्री सहित कुल 12 मंत्रियों में से सर्वाधिक 6 ओबीसी वर्ग से रखे गए हैं, जिनमें उपमुख्यमंत्री अरुण साव, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जयसवाल, टंकराम वर्मा, ओपी चौधरी और लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हैं जबकि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, रामविचार नेताम और केदार कश्यप अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं। एससी वर्ग यानी अनुसूचित जाति से दयालदास बघेल और सामान्य वर्ग से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा बृजमोहन अग्रवाल को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। लक्ष्मी राजवाड़े कैबिनेट में एकमात्र महिला सदस्य हैं। बहरहाल, छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के गठन के साथ ही साय सरकार के लिए चुनौतियों का दौर शुरू हो चुका है, जिससे उसे लगातार जूझते रहना पड़ेगा। सबसे बड़ी चुनौती है प्रदेश में विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए हजारों करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व जुटाने की। दरअसल, विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा द्वारा जनता के समक्ष 'मोदी की गारंटी' के रूप में जिस तरह की घोषणाएं की गई थी, उन्हें अमलीजामा पहनाए जाने पर सरकारी खजाने पर बहुत बड़ी चोट पड़ने वाली है। ऐसे में मुख्यमंत्री के समक्ष किसानों, कामगारों और महिलाओं से किए गए वायदों को पूरा करने की बड़ी चुनौती रहेगी।

# कतर के प्रधानमंत्री का इजराइल को तीखा संदेश, गाजा अब वहां नहीं है

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, हमास द्वारा 7 अक्टूबर को इजराइल पर किए गए हमले के कारण युद्ध छिड़ गया, जिससे एन्क्लेव में मानवीय तबाही हुई और गाजा की 2.3 मिलियन आबादी में से अधिकांश विस्थापित हो गए। यह सिलसिला 100 दिनों से भी अधिक समय से जारी है और गाजा में मरने वालों की संख्या 24,000 से अधिक हो गई है जबकि इजराइल में लगभग 1,200 लोग मारे गए हैं। कतर के प्रधानमंत्री ने इजरायल द्वारा किए गए बड़े पैमाने पर विनाश की चेतावनी दी क्योंकि उन्होंने गाजा में संघर्ष विराम की इजरायली रक्षा मंत्री की अस्वीकृति की आलोचना की। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, हमास द्वारा 7 अक्टूबर को इजराइल पर किए गए हमले के कारण युद्ध छिड़ गया, जिससे एन्क्लेव में मानवीय तबाही हुई और गाजा की 2.3 मिलियन आबादी में से अधिकांश विस्थापित हो गए। यह सिलसिला 100 दिनों से भी अधिक समय से जारी है और गाजा में मरने वालों की संख्या 24,000 से अधिक हो गई है जबकि इजराइल में लगभग 1,200 लोग मारे गए हैं। कतर के प्रधानमंत्री ने हमास पर चल रहे इजरायली युद्ध को लेकर इजरायल और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की आलोचना की। शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी, जो कतर के विदेश मंत्री भी हैं, ने कहा कि संघर्ष को समाप्त करने के लिए दो–राज्य समाधान की आवश्यकता है।



दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में उन्होंने कहा, इजरायल की प्रतिक्रिया से पता चला है कि क्षेत्र पहले जैसी स्थिति में वापस नहीं जा सकता। गाजा अब वहां नहीं है। मेरा मतलब है, वहां कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि हर जगह कालीन बमबारी हो रही है। वेस्ट बैंक में चल रहे तनाव के बारे में बात करते हुए, उन्होंने फिलिस्तीनी विभाजन को समाप्त करने का आग्रह करते हुए कहा कि इजरायल में सरकार और राजनेताओं के बिना हमारे पास दो–राज्य समाधान नहीं हो सकता है जो शांतिपूर्वक एक साथ रहने में विश्वास करते हैं और हम ऐसा नहीं कर सकते हैं।ष यह सब इस युद्ध को समाप्त किए बिना जारी है।

# भविष्य की महामारियों के लिए पूरी तरह तैयार नहीं है दुनिया

विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक से इतर डॉ. क्रिस्टोफर जे. एलियास ने कहा कि हमने कोविड–19 के बाद सबक सीखा है, लेकिन और प्रयास तथा चर्चा की जरूरत है। इसमें वित्तीय जरूरत भी शामिल है। विश्व आर्थिक मंच में 'बीमारी एक्स' चर्चा के अहम क्षेत्रों में से एक है। दावोस। बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के एक शीर्ष अधिकारी ने वैश्विक महामारी कोष में योगदान देने के लिए भारत और अन्य देशों की प्रशंसा करते हुए कहा कि दुनिया भविष्य में किसी भी महामारी से निपटने के लिए अब भी पूरी तरह तैयार नहीं है और काफी काम किए जाने की जरूरत है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक से इतर डॉ. क्रिस्टोफर जे. एलियास ने कहा कि हमने कोविड–19 के बाद सबक सीखा है, लेकिन और प्रयास तथा चर्चा की जरूरत है। इसमें वित्तीय जरूरत भी शामिल है। विश्व आर्थिक मंच में 'बीमारी एक्स' चर्चा के अहम क्षेत्रों में से एक है। उन्होंने कहा, ''इबोला फैलने के बाद करीब आठ साल पहले वाकई एक महत्वपूर्ण चर्चा शुरू हुई थी और यह चर्चा कोविड–19 के बाद इस बात पर बहुत स्पष्ट ध्यान केंद्रित करती है कि दुनिया को बेहतर तरीके से तैयार रहने की आवश्यकता है।'' डॉ. एलियास ने कहा, ''दुनिया को उन संक्रमण और बीमारियों के लिए तैयार रहने की जरूरत है, जिन्हें हम जानते हैं, जैसे कि इन्फ्लूएंजा, लेकिन जिन बीमारियों को हम नहीं जानते हैं और जो नयी बीमारियां हो सकती है, उनके लिए भी तैयार रहने की जरूरत है। लेकिन मुझे नहीं लगता कि हम पूरी तरह तैयार हैं।'' एलियास ने इस बात पर गौर किया कि दुनिया के पूरी तरह तैयार होने के लिये क्या किये



जाने की आवश्यकता है, इसपर काफी चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) एक समझौते पर बातचीत की प्रक्रिया में है और देशों को एक साथ लाने की कोशिश कर रहा है कि क्या करने की जरूरत है और इसे कैसे वित्तपोषित किया जाएगा। गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष ने कहा, ''इंडोनेशिया में दो साल पहले जी20 शिखर सम्मेलन में एक महामारी कोष बनाया गया और भारत समेत दुनिया के कई देशों ने उसमें योगदान दिया। वह एक शुरुआत थी और यह अभी तक दो अरब डॉलर तक पहुंच गया है, लेकिन जाहिर है कि यह पर्याप्त नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''भारत ने 10 साल से भी अधिक समय पहले पोलियो का खात्मा कर दिया था, लेकिन दुनिया में कुछ और स्थान हैं, जहां इसे खत्म करना है और हमें उम्मीद है कि एक या दो साल में हम पोलियो का दुनियाभर से उन्मूलन कर देंगे।

# चल दी गयी है चाल, मालदीव का विपक्ष अब मुइज्जू को भारत विरोधी कदम उठाने से रोकेगा

ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की मांग है कि भारत मार्च के मध्य तक देश में तैनात अपने सैनिकों को वापस बुला ले। उन्होंने कहा कि वैसे वहां हमारे सैनिकों की संख्या मात्र 88 है। प्रभासाक्षी न्यूज नेटवर्क के खास कार्यक्रम शौर्य पथ में इस सप्ताह हमने ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) से जानना चाहा कि भारत–मालदीव के संबंधों में जारी तनाव को कैसे देखते हैं आप? हमने यह भी कहा कि मालदीव ने अब तो भारतीय सैनिकों को देश छोड़ने के लिए डेडलाइन भी तय कर दी है इसलिए हम जानना चाहते हैं कि बीजिंग से लौटने के बाद अचानक से मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू इतने आक्रामक क्यों हो गये हैं? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि इस सबका कारण घरेलू राजनीति तो है ही साथ ही मालदीव पर जो विदेशी कर्ज है उसमें से 20 प्रतिशत से ज्यादा अकेले चीन का है इसलिए वह देश इस समय पूरी तरह चीन के दबाव में काम कर रहा है। ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की मांग है कि भारत मार्च के मध्य तक देश में तैनात अपने सैनिकों को वापस बुला ले। उन्होंने कहा कि वैसे वहां हमारे सैनिकों की संख्या मात्र 88 है। इससे स्पष्ट होता है कि वह वहां किसी तरह का खतरा नहीं हैं बल्कि भारत ने मालदीव



के सैन्य बलों की मदद के लिए जो प्रशिक्षण ढांचा स्थापित किया था उसमें मदद के लिए वहां पर सैनिक तैनात हैं। उन्होंने कहा कि हमारे ये सैनिक द्विपक्षीय संबंधों के तहत 2010 से मालदीव में तैनात हैं। वहां पर तैनात हमारे सैनिकों के कार्यों में मालदीव के सैनिकों को युद्ध और टोही का प्रशिक्षण देना शामिल है। इसके अलावा हमारे सैनिक सुदूर द्वीपों के निवासियों के लिए मानवीय सहायता और चिकित्सा व्यवस्था में भी मदद प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि मालदीव को दो सैन्य ध्रुव एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर भारत की ओर से उपहार के रूप में मालदीव को दिये गये थे इसलिए उन्हें सैन्य उपस्थिति के रूप में चित्रित करना गलत है। ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि राष्ट्रपति मुइज्जू को व्यापक रूप से चीन समर्थक नेता के रूप में देखा जाता है लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि वहां की मुख्य विपक्षी पार्टी एमडीपी का संसद में बहुमत है। मालदीव की संसद का सत्र अगले माह शुरू होना है और पूरी उम्मीद है कि विपक्ष उन्हें ऐसा कोई भी काम करने से रोकेगा जो भारत के विरोध में हो। उन्होंने कहा कि इसके अलावा राजधानी माले की जनता ने मेयर चुनाव में मुइज्जू की पार्टी को हार का मुंह दिखाकर राष्ट्रपति को यह साफ कर दिया है कि उनके मन में भले चीन का पहला स्थान हो लेकिन जनता के मन में भारत का ही पहला स्थान है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा समय की कसौटी पर जांचा, परखा और खरा मित्र साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि मालदीव के विपक्ष ने ठान लिया है कि संसद में अब राष्ट्रपति की राह में बाधा खड़ी की जायेगी ताकि वह भारत विरोधी कदम नहीं उठा सकें। उन्होंने कहा कि मुइज्जू की धमकियों से भारत बेपरवाह इसलिए भी नजर आ रहा है क्योंकि वहां जो चाल चली जानी थी संभवतः वह चल दी गयी है। ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि फरवरी 2021 में हस्ताक्षरित यूटीएफ हार्बर प्रोजेक्ट समझौते के तहत भारत को मालदीव की राजधानी माले के पास उथुरु थिलाफाल्हू में एक बंदरगाह और गोदी का विकास और रखरखाव करना था। इस समझौते को लेकर तमाम तरह की अफवाहें फैलाई गयीं और स्थानीय मीडिया के एक वर्ग ने भी दावा किया कि यह परियोजना अंततः वहां एक भारतीय नौसैनिक अड्डे के निर्माण को बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर फैलाये जाने वाले दुष्प्रचार से प्रेरित होकर वहां के मंत्रियों ने भारत के साथ एक राजनयिक विवाद शुरू कर दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा के बारे में अपमानजनक टिप्पणियां कीं। ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि देखा जाये तो हिंद महासागर में अपनी रणनीतिक स्थिति के कारण चीन मालदीव में अपना प्रभाव बढ़ाने में रुचि रखता है क्योंकि ये द्वीप राष्ट्र सबसे व्यस्त समुद्री व्यापार राजमार्गों में से एक पर स्थित है, जहां से चीन का लगभग 80 प्रतिशत तेल आयात गुजरता है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति मुइज्जू की यात्रा के दौरान मालदीव और चीन ने 20 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। चीन ने साथ ही माले को 130 मिलियन डॉलर की मदद दी है जिसे विकास परियोजनाओं पर खर्च किया जाएगा लेकिन मालदीव को यह याद रखने की जरूरत है कि चीन कुछ भी बिना अपने स्वार्थ के नहीं करता। उन्होंने कहा कि मालदीव को श्रीलंका और नेपाल के हश्र को याद रखना चाहिए।

# इजराइल–हमास युद्ध के 100वें दिन पूरे, पीएम के रूप में नेतन्याहू को केवल 15: लोगों की पसंद

हमास का इरादा देश में एक साथ सैकड़ों आतंकवादियों की घुसपैठ शुरू करके इजरायल को आश्चर्यचकित करना था। जिसने इजरायली बलों को ऐसे हमले को रोकने के लिए 2014 में गाजा में युद्ध करने के लिए प्रेरित किया था। हमास के 7 अक्टूबर के हमले से एक साल पहले प्रकाशित, प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आत्मकथा एक ऐसे परिदृश्य को प्रस्तुत करती है जो इजराइल के सबसे घातक दिन की घटनाओं के साथ भयावह समानता रखती है। उन्होंने फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह की एक दशक पुरानी योजना के बारे में लिखा, हमास का इरादा देश में एक साथ सैकड़ों आतंकवादियों की



घुसपैठ शुरू करके इजरायल को आश्चर्यचकित करना था। जिसने इजरायली बलों को ऐसे हमले को रोकने के लिए 2014 में गाजा में युद्ध करने के लिए प्रेरित किया था। उन्होंने किंडरगार्टन और स्कूलों में प्रवेश करने, इजरायलियों की हत्या करने और दर्जनों बंधकों को सुरंगों के माध्यम से वापस गाजा ले जाने की योजना बनाई। इससे विपत्ति आ सकती है। लेकिन पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास के आतंकवादियों ने दक्षिणी इजराइल में बड़े पैमाने पर हिंसा करके अपनी साजिश को अंजाम दिया, एक अंतर के साथरू बंधकों को सुरंगों के माध्यम से गाजा में नहीं ले जाया गया, बल्कि टूटी हुई सीमा बाड़ के पार ले जाया गया। इजरायली अभी भी 1,200 लोगों की हत्या से जूझ रहे हैं, जिनमें से अधिकांश नागरिक थे और बच्चों और बुजुर्गों सहित 240 से अधिक लोगों का अपहरण कर लिया गया था। भारी सुरक्षा विफलता से स्तब्ध कई लोग नेतन्याहू को बाहर करना चाहते हैं। 2 जनवरी को गैर–पक्षपातपूर्ण इजराइल डेमोक्रेसी इंस्टीट्यूट द्वारा प्रकाशित एक सर्वेक्षण से पता चला है कि केवल 15: इजराइली चाहते हैं कि नेतन्याहू हमास पर युद्ध समाप्त होने के बाद भी पद पर बने रहें, पिछले सर्वेक्षणों के अनुसार, जिसमें उनकी लोकप्रियता में तेजी से गिरावट देखी गई है।

# आयोवा काकस जीतने के बाद डोनाल्ड ट्रंप का पहला रिएक्शन, दुनिया के लिए एक साथ आएं रिपब्लिकन हो या डेमोक्रेट या लिबरल




रिपब्लिकन पार्टी के प्रबल दावेदार के रूप में उभरे ट्रंप सोमवार शाम को आयोवा राज्य की राजधानी डेस मोइनेस में अपने अभियान की वॉच पार्टी में अपने समर्थकों को संबोधित कर रहे थे। लगातार तीसरी बार रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद का नामांकन जीतने की दिशा में यह उनका पहला आधिकारिक कदम है। आयोवा कॉकस जीतने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने समर्थकों से कहा कि यह अच्छा होगा यदि हर कोई एक साथ आ सके और दुनिया को ठीक कर सके और जो समस्याएं और मौत और विनाश देख रहा है उसे ठीक कर सके। आयोवा कॉकस में अपनी जीत के तुरंत बाद अपने भाषण में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने सभी राजनीतिक विचारधाराओं के अमेरिकियों के एक साथ आने का आह्वान किया और मौजूदा जो बाइडेन के खिलाफ अपना हमला जारी रखते हुए उन्हें अब तक का सबसे खराब राष्ट्रपति कहा। मुझे सच में लगता है कि अब समय आ गया है कि हमारे देश के सभी लोग एक साथ आएं, चाहे वह रिपब्लिकन हो या डेमोक्रेट या लिबरल या कंजर्वेटिव हो। रिपब्लिकन पार्टी के प्रबल दावेदार के रूप में उभरे ट्रंप सोमवार शाम को आयोवा राज्य की राजधानी डेस मोइनेस में अपने अभियान की वॉच पार्टी में अपने समर्थकों को संबोधित कर रहे थे। लगातार तीसरी बार रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद का नामांकन जीतने की दिशा में यह उनका पहला आधिकारिक कदम है। ट्रंप ने कहा कि यह बहुत अच्छा होगा यदि हम एक साथ आ सकें और दुनिया को सीधा कर सकें, और समस्याओं को सुलझा सकें, और उस सभी मौत और विनाश को सीधा कर सकें जो हम देख रहे हैं, जो व्यावहारिक रूप से कभी भी ऐसा नहीं था। यह बहुत महत्वपूर्ण है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद के आगामी चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार चुनने की लंबी प्रक्रिया की शुरुआत करने वाले आयोवा कॉकस में जीत हासिल कर ली। आयोवा कॉकस में दूसरे स्थान के लिए फ्लोरिडा के गवर्नर आर डीसैंटिस और पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ में शामिल इकलौती महिला एवं संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत निक्की हेली के बीच मुकाबला है। डीसैंटिस और हेली पूर्व राष्ट्रपति के शीर्ष विकल्प के तौर पर एक दूसरे को टक्कर दे रहे हैं।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमले में छह लोग घायल

सुरक्षाबलों ने हमले के षड्यंत्रकारियों को पकड़ने के लिए इलाके में बड़े पैमाने पर तलाश अभियान चलाया जो देर रात तक जारी रहा। किसी भी समूह ने अभी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पाकिस्तान में 2022 के बाद से सशस्त्र समूहों के हमलों में फिर से बढ़ोतरी देखी गई है। पेशावर। पाकिस्तान में अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में सोमवार को एक आत्मघाती हमले में दो पाकिस्तानी सैनिकों सहित कम से कम छह लोग घायल हो गए।



अधिकारियों ने बताया कि आत्मघाती हमलावर ने उत्तरी वजीरिस्तान जिले की मीर अली तहसील में मचाई क्षेत्र की घुंडीसर जांच चौकी के पास खुद को विस्फोट से उड़ा लिया। उन्होंने कहा कि हमले में दो पाकिस्तानी सैनिकों सहित कम से कम छह लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को बन्नू अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत खतरे से बाहर है। सुरक्षाबलों ने हमले के षड्यंत्रकारियों को पकड़ने के लिए इलाके में बड़े पैमाने पर तलाश अभियान चलाया जो देर रात तक जारी रहा। किसी भी समूह ने अभी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पाकिस्तान में 2022 के बाद से सशस्त्र समूहों के हमलों में फिर से बढ़ोतरी देखी गई है। प्रतिबंधित समूह तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और सरकार के बीच संघर्षविराम समझौता 2022 में समाप्त होने के बाद से ये हमले बढ़े हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2023 में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 300 से अधिक हमले हुए हैं, जिनमें से अधिकतर की जिम्मेदारी टीटीपी ने ली है।

# बच गए हथियार, लाल सागर में शिफ्ट किए ड्रोन, 3 देशों से एक साथ कैसे भिड़ रहा हूती ?



नवंबर के बाद से क्षेत्र में जहाजों पर हौथिस के हमलों ने कंपनियों को प्रभावित किया है और गाजा में हमास आतंकवादियों के साथ इजरायल के तीन महीने से अधिक के युद्ध में वृद्धि के कारण प्रमुख शक्तियां चिंतित हो गई हैं। समूह का कहना है कि वह फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता से काम कर रहा है। ईरान–सहयोगी समूह के एक अधिकारी ने कहा कि यमन का हूती आंदोलन अमेरिकी जहाजों को शामिल करने के लिए लाल सागर क्षेत्र में अपने लक्ष्यों का विस्तार करेगा। उसने यमन में अपनी साइटों पर अमेरिकी और ब्रिटिश हमलों के बाद हमले जारी रखने की कसम खाई थी। नवंबर के बाद से क्षेत्र में जहाजों पर हौथिस के हमलों ने कंपनियों को प्रभावित किया है और गाजा में हमास आतंकवादियों के साथ इजरायल के तीन महीने से अधिक के युद्ध में वृद्धि के कारण प्रमुख शक्तियां चिंतित हो गई हैं। समूह का कहना है कि वह फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता से काम कर रहा है। हूती के प्रवक्ता नसरुलदीन आमेर ने अल जजीरा को बताया कि पिछले हफ्ते यमन पर दोनों देशों द्वारा किए गए हमलों के कारण ब्रिटिश और अमेरिकी जहाज 'वैध लक्ष्य' बन गए थे। आमेर ने कहा कि हमारे द्वारा इसे निशाना बनाने के लिए जहाज का इजराइल जाना जरूरी नहीं है। इसके लिए अमेरिकी होना ही काफी है।

# ईरान ने मोसाद के ठिकानों पर घुसकर दागी मिसाइल, कहा– ये सीरिया में हुए कमांडर की मौत का बदला

अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के पास एक आवासीय क्षेत्र में कुर्दिस्तान की राजधानी एरबिल के उत्तर–पूर्व में उन हमलों के अलावा गार्ड ने कहा कि उन्होंने इस्लामिक स्टेट सहित ईरान में आतंकवादी अभियानों के अपराधियों के खिलाफ हमले शुरू किए। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि उन्होंने इराक के अर्ध–स्वायत्त कुर्दिस्तान क्षेत्र में इजराइल के जासूसी मुख्यालय पर हमला किया। राज्य मीडिया ने सोमवार की देर रात इस बात की जानकारी दी। जबकि विशिष्ट बल ने कहा कि उन्होंने इस्लामिक स्टेट के खिलाफ सीरिया में भी हमला किया। ईरान के गार्ड्स ने इजराइल की मोसाद जासूसी एजेंसी का नाम लेते हुए एक बयान में कहा कि आज देर रात क्षेत्र में जासूसी केंद्रों और ईरानी विरोधी आतंकवादी समूहों की सभाओं को नष्ट करने के लिए बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के पास एक आवासीय क्षेत्र में कुर्दिस्तान की राजधानी एरबिल के उत्तर–पूर्व में उन हमलों के अलावा गार्ड ने कहा कि उन्होंने इस्लामिक स्टेट सहित ईरान में आतंकवादी अभियानों के अपराधियों के खिलाफ हमले शुरू किए। दो अमेरिकी अधिकारियों ने रॉयटर्स को बताया कि मिसाइल हमलों से कोई भी अमेरिकी सुविधा प्रभावित नहीं हुई। 7 अक्टूबर को इजरायल और फिलिस्तीनी इस्लामी समूह हमास के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से पूरे मध्य पूर्व में फैले संघर्ष के बढ़ने की चिंताओं के बीच ये हमले हुए हैं, जिसमें ईरान के सहयोगी



भी लेबनान, सीरिया, इराक और यमन से युद्ध में प्रवेश कर रहे हैं। ईरान इजराइल के साथ युद्ध में हमास का समर्थन करता है, संयुक्त राज्य अमेरिका पर गाजा में इजरायली अपराधों का समर्थन करने का आरोप लगाता है। अमेरिका ने कहा है कि वह अपने अभियान में इजराइल का समर्थन करता है लेकिन उसने मारे गए फिलिस्तीनी नागरिकों की संख्या पर चिंता जताई है। कुर्दिस्तान सरकार की सुरक्षा परिषद ने हमले को अपराध बताते हुए एक बयान में कहा, एरबिल पर हमलों में कम से कम चार नागरिक मारे गए और छह घायल हो गए।

# विराट कोहली और अनुष्का को मिला राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण



विराट कोहली को 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए न्योता मिला है। आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी ने मंगलवार को कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा को मुंबई में उनके आवास पर निमंत्रण सौंपा। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज और पूर्व कप्तान विराट कोहली को 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए न्योता मिला है। आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी ने मंगलवार को कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा को मुंबई में उनके आवास पर निमंत्रण सौंपा। विराट कोहली इन दिनों भारत और अफगानिस्तान टी20 सीरीज से टी20 में वापसी की है। पहले टी20 में विराट कोहली निजी कारणों से नहीं खेले थे, जिसके बाद दूसरे मैच में वह 25 रन बनाकर आउट हुए थे। 17 जनवरी को तीसरे टी20 से पहले विराट कोहली वापस मुंबई गए थे, जहां उन्हें ये निमंत्रण प्राप्त हुआ।

# पार्थिव पटेल का जितेश शर्मा को लेकर बड़ा दावा, कहा– उनका टी20 वर्ल्ड कप में खेलना लगभग तय



पार्थिव पटेल का मानना है कि युवा क्रिकेटर जितेश शर्मा का टी20 वर्ल्ड कप 2024 टीम में जगह बनाना लगभग तय है। इसका कारण जितेश का तेज अंदाज में बल्लेबाजी करना नहीं, बल्कि संयोजन है। जितेश शर्मा वही भूमिका रहे हैं जो 2022 वर्ल्ड कप में दिनेश कार्तिक ने निभाई थी। भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल का मानना है कि युवा क्रिकेटर जितेश शर्मा का टी20 वर्ल्ड कप 2024 टीम में जगह बनाना लगभग तय है। इसका कारण जितेश का तेज अंदाज में बल्लेबाजी करना नहीं, बल्कि संयोजन है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर के अनुसार, जितेश शर्मा वही भूमिका रहे हैं जो 2022 वर्ल्ड कप में दिनेश कार्तिक ने निभाई थी। वह निचले क्रम में बल्लेबाजी कर रहे हैं जितेश ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 में 20 गेंदों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 31 रन बनाए थे जबकि दूसरे मैच में वह बिना खाता खोले ही आउट हो गए। पार्थिव पटेल ने जियो सिनेमा से कहा कि, भारत का विकल्प शायद एक ऐसा विकेटकीपर रखना है जो निचले क्रम में बल्लेबाजी कर सके। अगर आपको निचले क्रम पर बल्लेबाजी करनी है तो आपको एक विनाशकारी बल्लेबाज की जरूरत है। जितेश शर्मा जिस तरह से खेल रहे हैं वह एक बेहद अच्छा विकल्प हैं और मुझे लगता है कि टी20 वर्ल्ड कप के लिए उनका टिकट थोड़ा छपना शुरू हो गया है। टी20 में रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी के साथ, भारतीय टीम प्रबंधन के लिए चयन सिरदर्द बना हुआ है। सीधे शब्दों में कहें तो कोहली–रोहित ने सुनिश्चित किया है कि शीर्ष क्रम में किसी और को मौका न मिले। इसलिए, ईशान किशन और संजू सैमसन का भी प्लेइंग इलेवन में जगह बनाना संदिग्ध है क्योंकि दोनों टॉप 5 में बल्लेबाजी करते हैं। इससे फिनिशर के लिए फिनिशर के लिए विकल्प खुला रह जाता है जो फिनिशर की भूमिका बखूबी निभा सकता है। जितेश शर्मा ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। हालांकि, उन्होंने लगातार 20 और 30 रन नहीं बनाए हैं लेकिन उन्होंने 20 गेंदों में 31, 19 गेंदों में 35 और 16 गेंदों में 24 रन जैसी पारियां खेली हैं।

# दीप्ति शर्मा को आईसीसी प्लेयर आफ द मंथ खिताब से नवाजा गया



दीप्ति शर्मा को दिसंबर 2023 के लिए आईसीसी महिला खिलाड़ी ऑफ द मंथ चुना गया है। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में उनके शानदार प्रदर्शन और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे मैच में शानदार प्रदर्शन ने उन्हें ये खिताब दिलाया। भारतीय स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को दिसंबर 2023 के लिए आईसीसी महिला खिलाड़ी ऑफ द मंथ चुना गया है। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में उनके शानदार प्रदर्शन और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे मैच में शानदार प्रदर्शन ने उन्हें ये खिताब दिलाया। इंग्लैंड पर टेस्ट जीत में, नंबर 7 पर बल्लेबाजी करते हुए दीप्ति ने अहम भूमिका निभाते हुए 67 रन बनाए और गेंद से 7 रन पर 5 विकेट और 32 रन पर 4 विकेट झटके। पिछेल साल दिसंबर के महीने में दीप्ति ने 2 टेस्ट मैच इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले थे। इन 2 मुकाबलों में इस खिलाड़ी ने 55 की शानदार औसत के साथ 165 रन बनाए थे। वहीं 10.81 की शानदार औसत के साथ 11 विकेट भी झटके थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दीप्ति ने दूसरे वनडे में 5 विकेट हॉल भी लिए थे। दीप्ति के अलावा जेमिमा रोड्रिगेज और जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम की प्रेशियस मरांज भी नामांकित हुई थीं।

# भारतीय क्रिकेटर को मिला राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण, जानिए कौन–कौन होगा शामिल ?




अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश में गजब का उत्साह है। देश की कई बड़ी हस्तियां इस समारोह में शामिल होंगी। क्रिकेट जगत के कई बड़े सितारों को भी समारोह का निमंत्रण मिला है। पूरे देश राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का इंतजार हो रहा है। अयोध या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश में गजब का उत्साह है। देश की कई बड़ी हस्तियां इस समारोह में शामिल होंगी। क्रिकेट जगत के कई बड़े सितारों को भी समारोह का निमंत्रण मिला है। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर, भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, भारत के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक रहे एमएस धोनी और हरभजन सिंह को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए निमंत्रण दिया गया है। हालांकि, इनमें से कौन–कौन अयोध्या जाएगा। अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हुई है। कई रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली अयोध्या जा सकते हैं। बता दें कि, 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अब तक करीब 6 हजार विशिष्ट लोगों को आमंत्रित किया जा चुका है। इसमें क्रिकेटर्स के अलावा फिल्म जगत की हस्तियां और मशहूर कारोबारी शामिल हैं। पीएम मोदी इस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की रस्में आज से शुरू हो जाएंगी। इस भव्य समारोह के लिए पूरे शहर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। 22 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे से 1 बजे तक प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा। इस समारोह में 150 देशों के राम भक्तों के शामिल होने की उम्मीद है।

# अभी संन्यास नहीं लेना चाहते थे डीन एल्गर, कोच ने भारत के खिलाफ सीरीज से ड्राप करने की दी थी धमकी



दिग्गज खिलाड़ी डीन एल्गर ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इस बीच एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि एल्गर को जबरन संन्यास लेना पड़ा। उन्हें कोच शुकरी कोनराड की तरफ से मजबूर किया कि वो संन्यास ले लें। साउथ अफ्रीका के दिग्गज खिलाड़ी डीन एल्गर ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इस बीच एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि एल्गर को जबरन संन्यास लेना पड़ा। उन्हें कोच शुकरी कोनराड की तरफ से मजबूर किया कि वो संन्यास ले लें। भारत के साउथ अफ्रीका दौरे के बाद से ही प्रोटियाज टीम में अंदरूनी कलह हो रही है। केपटाउन में हुए आखिरी टेस्ट महज डेढ़ दिन में ही खत्म हो गया। जिसके बाद साउथ अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड को खराब पिच के कारण निशाना भी बनाया गया। इसके बाद ही ये घटना सामने आई है। रैपोर्ट न्यूजपेपर की एक रिपोर्ट के अनुसार शुकरी कोनराड एल्गर को टीम में नहीं रखना चाहते थे। मुकाबले के पहले तक डीन एल्गर की संन्यास लेने की कोई योजना नहीं थी। लेकिन सीरीज से ड्रॉप करने की बात सामने आते ही एल्गर ने संन्यास का ऐलान कर दिया। रिपोर्ट में खुलासा किया गया कि कोच शुकरी ने एल्गर को बताया कि भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए उन्हें नहीं चुना जाएगा। कोच की इन बातों के बाद से ही एल्गर ने उनके साथ समझौता किया और अपने घरेलू फैंस के सामने आखिरी सीरीज खेलने का फैसला किया। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि न्यूलैंड्स में आखिरी टेस्ट मैच खेलने के बाद टीम के कुछ सीनियर खिलाड़ी एल्गर के फैसले पर दोबारा विचार करने के बारे में भी जानना चाहते थे। लेकिन एल्गर को लगा कि उनके साथ गलत व्यवहार हो रहा है जिसके चलते उन्होंने अपना फैसला नहीं बदला।

# भारत–अफगानिस्तान के बीच तीसरे मुकाबले में बारिश बनेगी आफत!



बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 17 जनवरी को भारत और अफगानिस्तान के बीच तीसरा टी20 मैच खेला जाएगा। भारत ने पहले दोनों मैचों में जीत दर्ज कर 2–0 से सीरीज पर कब्जा कर लिया है। ऐसे में रोहित शर्मा एंड कंपनी की नजरें सीरीज को क्लीन स्वीप पर होंगे। भारत और अफगानिस्तान के बीच तीसरा टी20 मैच बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 17 जनवरी को खेला जाएगा। भारत ने पहले दोनों मैचों में जीत दर्ज कर 2–0 से सीरीज पर कब्जा कर लिया है। ऐसे में रोहित शर्मा एंड कंपनी की नजरें सीरीज को क्लीन स्वीप पर होंगे। भारत ने मोहाली और इंदौर में अफगानिस्तान के खिलाफ आसानी से जीत दर्ज कर ली है। ऐसे में आगामी टी20 वर्ल्ड कप को देखते हुए आखिरी मैच में भारतीय टीम कुछ नया आजमाना चाहेगी। हालांकि, कयास लगाए जा रहे हैं कि बेंगलुरु में मौसम खेल बिगाड़ सकती है। भारत बनाम अफगानिस्तान मैच के दिन बेंगलुरु में बादल छाए रहने की संभावना जताई जा रही है। 17 जनवरी के दिन मौसम सुहावना रहेगा और ज्यादातर तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। हालांकि, मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार मैच के बीच बारिश का खतरा न के बराबर ही है। दोनों टीमों का स्क्वॉड भारत– रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन, शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार। अफगानिस्तान– इब्राहिम जादरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल, हजरतुल्लाह जजई, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जनत, अजमुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीब उर रहमान, फजल हक फारूकी, फरीद अहमद, नवीन उल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदीन नायब और राशिद खान।

# भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने 150वें टी20 मैच में रचा इतिहास, कर ली है Dhoni की बराबरी

इस मैच में स्टार ओपनर शुभमन गिल और तिलक वर्मा को मौका नहीं दिया गया। भारतीय टीम ने इस मैच को 26 गेंदे शेष रहते हुए छह विकेट से जीता है। इसी के साथ सीरीज भी भारत के नाम हुई है। भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज का दूसरा मुकाबला इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेला गया है। इस मैच में भारतीय टीम ने छह विकेट से जीत दर्ज की है। ये मैच कई मायनों में भारतीय टीम और कप्तान रोहित शर्मा के लिए खास रहा है।इस मैच में स्टार ओपनर शुभमन गिल और तिलक वर्मा को मौका नहीं दिया गया। भारतीय टीम ने इस मैच को 26 गेंदे शेष रहते हुए छह विकेट से जीता है। इसी के साथ सीरीज भी भारत के नाम हुई है। इस मैच में भारतीय टीम के लिए यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे ने फिर से तूफानी पारी खेली और मैच भारतीय टीम की झोली में डाला। इस मैच में रोहित शर्मा काफी चर्चा में रहे क्योंकि उन्होंने अपने नाम कई रिकॉर्ड किए है।रोहित आए धोनी के बराबररोहित शर्मा ने इस मैच में जीत हासिल कर एमएस धोनी के एक बड़े रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली है। रोहित शर्मा एमएस धोनी के बराबर ही टी20 मैच जीतने वाले कप्तान बन गए है। रोहित की अगुवाई में भारतीय टीम ने 41वां टी20 मैच जीता, जिसके साथ ही उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी के बड़े रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। रोहित शर्मा कप्तान के तौर पर कुल 53 मैच खेल चुके हैं जिसमें से 41 में जीत हासिल हुई है। वहीं महेंद्र सिंह धोनी ने अपने करियर में कुल 72 टी20 मैच खेले है।

# जोर–जोर से आते हैं खर्राटे तो हो जाएं सावधान, ऐसी आवाज आने पर ना करें देरी, तुरंत पहुंचे डॉक्टर के पास



खर्राटे सिर्फ पास सोने वाले को ही डिस्टर्ब नहीं करते बल्कि कई तरह की गंभीर बीमारियों के संकेत भी होते हैं. खर्राटे आना, स्लीप एनीमिया का एक लक्षण है, जो जानलेवा भी हो सकता है. हार्ट स्पेशियलिस्ट के अनुसार, नींद में बार–बार और तेज आवाज में खर्राटे आना बेहद खतरनाक है. इसे कभी की इग्नोर नहीं करना चाहिए वरना समस्या बढ़ सकती है. ऐसी स्थिति में तत्काल डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए. आइए जानते हैं खर्राटे क्यों जानलेवा हो सकते हैं... स्लीप एपनिया

स्लीप एपनिया एक तरह का स्लीप डिसऑर्डर है, जिसमें मरीज को पता चले बिना ही सांस रुकने और वापस शुरू होने लगती है. अगर ऐसा गला ब्लॉक होने से हुआ है तो इसे ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया कहा जाता है और अगर दिमाग के सिंग्नल न मिलने से हुआ है तो सेंट्रल स्लीप एपनिया कहा जाता है. स्लीप एनीमिया के लक्षण

खर्राटे आने के लिए स्लीप एनीमिया की समस्या को सबसे बड़ा कारण माना जाता है. स्लीप एनीमिया से पीडिघ्त मरीज को सोते समय बार–बार सांस रुकने जैसा और फिर चालू हो जाने जैसा महसूस होता है. इसके साथ ही अक्सर मरीज उठकर हांफने लगता है. इसके अलावा, ज्यादा नींद आना, थकावट होना, सिरदर्द बने रहना, मुंह सूखना, रात में बार–बार पेशाब आने जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं. इन समस्याओं को न करें अनदेखाउम्र बढना उम्र के साथ हॉर्मोन में बदलाव एंडोक्राइन डिसऑर्डर फैमिली हिस्ट्री

हार्ट या किडनी फेलियर

खराब लाइफस्टाइल

मोटापा महिलाएं रहें सावधान

पुरुषों को स्लीप एनीमिया का खतरा ज्यादा होता है लेकिन प्रेग्नेंसी के दौरान या फिर मेनोपॉज के समय और इसके कुछ समय बाद तक महिलाओं को भी स्लीप एनीमिया से बचकर रहना चाहिए. हार्मोन बदलने पर इस बीमारी का खतरा बढ़ता जाता है. खर्राटे रोकने के उपायइ अभी तक इस बीमारी को पूरी तरह से ठीक करने वाले किसी इलाज के बारे में पता नहीं चला है. हालांकि, शरीर की एक्टिविटी को मैनेज करके खर्राटे रोके जाते हैं. बिना किसी रुकावट के नींद पाने के लिए ब्रीदिंग डिवाइस, ओरल डिवाइस, माउथ या फेशियल थेरेपी का इस्तेमाल किया जा सकता है या फिर लाइफस्टाइल बदलना भी फायदेमंद होता है.

# सोते–सोते नहीं टूटेंगे आपके बाल, बस फालो करें ये टिप्स



आमतौर पर, सोते समय तकिए से रगड़ने से होने वाले घर्षण के कारण हेयर प्रोब्लम्स हो सकती हैं। इसलिए, कोशिश करें कि आप सोने से पहले बालों में हेयर सीरम जरूर लगाएं। इससे आपको हेयर फॉल व अन्य प्रोब्लम्स को कम करने में मदद मिलेगी। हम सभी यही मानते हैं कि हीट स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स या फिर केमिकल्स के कारण हमारे बाल डैमेज होते हैं। लेकिन सच तो यह है कि बालों के टूटने की कई वजहें हो सकती हैं। मसलन, अगर रात को सोने से पहले बालों की सही तरह से देखभाल ना की जाए तो इससे भी बाल टूटने व झड़ने शुरू हो जाते हैं। इसलिए, नाइट हेयर केयर रूटीन फॉलो करना बेहद जरूरी है। ऐसे कई छोटे–छोटे टिप्स हैं, जो रात में सोते समय आपके बालों की केयर करने में मदद करेंगे। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में–बालों को जरूर सुलझाएं रात में सोने से पहले अपने बालों को ब्रश करना और उसे सुलझाना बेहद जरूरी है। जब आप बालों में कंघी करते हैं तो स्कैल्प का नेचुरल ऑयल जड़ों से सिरे तक समान रूप से फैलता है। कोशिश करें कि इसके लिए आप चौड़े दांतों वाली कंघी का उपयोग करें, जो बालों को टूटने से बचाने में मदद करेगी।लाइट हेयर सीरम का करें इस्तेमाल आमतौर पर, सोते समय तकिए से रगड़ने से होने वाले घर्षण के कारण हेयर प्रोब्लम्स हो सकती हैं। इसलिए, कोशिश करें कि आप सोने से पहले बालों में हेयर सीरम जरूर लगाएं। इससे आपको हेयर फॉल व अन्य प्रोब्लम्स को कम करने में मदद मिलेगी। सही हो पिलोकवर गलत प्रकार का तकिया व उसका कवर भी आपके बालों को काफी डैमेज कर सकता है। इसलिए, अगर आप अपने बालों की केयर करना चाहते हैं तो ऐसे में साटन या रेशम के तकिए का इसतेमाल करें। वे अन्य कपड़ों की तुलना में चिकने होते हैं और इसलिए हेयर डैमेज को मिनिमम करते हैं। खुले ना हों बाल कई बार हम यूं ही खुले बालों में बेड पर चले जाते हैं। इससे बालों को काफी नुकसान होता है। ऐसे में आप हमेशा यह कोशिश करें कि सोने से पहले बालों में कोई प्रोटेक्टिव हेयर स्टाइल जरूर बनाएं। आप पोनीटेल से लेकर ब्रेड्स या बन बनाने पर विचार कर सकती हैं। हेयर स्टाइल ऐसा होना चाहिए जो बहुत अधिक टाइट ना हो।

## मेरा एकमात्र काम लोगों का मनोरंजन करना है –सलमान खान


बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने कहा कि एक अभिनेता के रूप में उनका सबसे बड़ा और एकमात्र काम लोगों का भरपूर मनोरंजन करना है।सलमान की नवीनतम रिलीज टाइगर 3 अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम हो रही है। उसी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, टाइगर फ्रेंचाइजी को पहली फिल्म से ही सभी प्लेटफार्मों चाहे वह थियेटर हो, या सैटेलाइट भरपूर प्यार मिल रहा है।उन्होंने कहा, यह देखना आश्चर्यजनक लगता है कि टाइगर 3 पहले सिनेमाघरों और अब स्ट्रीमिंग पर कैसे हिट रही।उन्होंने कहा, मैं अपने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने दर्शकों के साथ संपर्क में हूं और मैं अब टाइगर 3 के ओटीटी पर आने के बाद लोगों का प्यार देख सकता हूं।सलमान ने कहा, एक अभिनेता के रूप में मेरा सबसे बड़ा और एकमात्र काम लोगों का भरपूर मनोरंजन करना है और मुझे खुशी है कि टाइगर 3 को दुनिया भर के लोग पसंद कर रहे हैं।सलमान ने आगे कहा, टाइगर 3 एक ऐसी फिल्म है जो मेरे दिल के बहुत करीब है। जब यह सिनेमाघरों में हिट हो गई तो यह बेहद निजी लगा और अब यह रिलीज होने के कुछ ही दिनों के भीतर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर हिट हो गई है। उन्होंने कहा, टाइगर हमेशा लोगों का मनोरंजन करने के लिए मौजूद रहेंगे। टाइगर 3 में कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी हैं।



## अगर मुझसे टेंटपोल फिल्म या सीरीज के लिए संपर्क किया जाता है तो मैं स्ट्रीमिंग प्लेटफार्म तलाशने के लिए तैयार हूं–सोनम कपूर

अगर एक्ट्रेस सोनम कपूर से किसी टेंटपोल फिल्म या सीरीज के लिए संपर्क किया जाता है तो वह स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म तलाशने के लिए तैयार हैं।

सोनम ने कहा, मेरे लिए अच्छे कंटेंट और अच्छी सिनेमा का हिस्सा बनना ही मायने रखता है। जिस प्लेटफॉर्म पर इसे रिलीज किया जा रहा है वह महत्वहीन है क्योंकि दुनिया बदल गई है। मैं स्ट्रीमिंग पर एक ऐसे प्रोजेक्ट का नेतृत्व करने के लिए उत्साहित हूं जो लोगों को प्रभावित करेगा। मुझे वहां कंटेंट की विविधता बहुत पसंद है।सोनम स्ट्रीमिंग पर कंटेंट देखने की शौकीन हैं और खुश हैं कि कैसे प्लेटफॉर्म ने कंटेंट के महत्व पर गौर करना शुरू किया है।उन्होंने साझा किया, मैं हमेशा से स्ट्रीमिंग में अपना कदम रखना चाहती थी, बशर्ते कि मैं एक टेंटपोल फिल्म या ग्लोबल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर सीरीज का नेतृत्व कर रही हूं। मैं सालों से स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म द्वारा बनाए जा रहे आउटस्टैंडिंग कंटेंट की सबसे ज्यादा दर्शक



## अदिवि शेष ने जी2 के सेट से घावों के निशान वाली बीटीएस तस्वीर साझा की

अभिनेता अदिवि शेष, जो अपनी फिल्म मेजर के लिए जाने जाते हैं, ने अपनी आगामी फिल्म जी2 से पर्दे के पीछे का एक लुक (बीटीएस) साझा किया है।अभिनेता ने एक्स पर एक आकर्षक मिरर सेल्फी साझा की, जिसमें उनके चेहरे पर चोट के निशान दिख रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, शूट लाइफ 2 दिन पहले। गुडाचारी की जबरदस्त सफलता के बाद अदिवि शेष फिल्म के सीक्वल में व्यस्त हैं। बीटीएस छवि ने बढ़े हुए रहस्य और रोमांच के लिए मंच तैयार कर दिया है, जो बहुमुखी अभिनेता के लिए एक नए और दिलचस्प अवतार की ओर इशारा करता है।अदिवि ने पिछले महीने हैदराबाद में अपनी अगली एक्शन स्पाई थ्रिलर गुडाचारी 2 (जी2) की शूटिंग शुरू की। यह एक जासूसी थ्रिलर है, जिसमें प्रमुख महिला किरदार के रूप में बनिता संधू भी हैं। यह सफल फिल्म गुडाचारी फ्रेंचाइजी की अगली किस्त है। यह एक जासूस की कहानी बताती है, जो भारत के बाहर अपने देश के लिए लडने के मिशन पर है।इससे पहले, कुरकुरा सूट पहने मेजर अभिनेता अदिवि ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की शूटिंग शुरू होने की घोषणा की। उन्होंने लिखा रू यह शुरू हुआ है। मैसिव। दिस इज हाउ वी डू इट। उन्होंने क्लैपबोर्ड की तस्वीर भी शेयर की। फिल्म का निर्माण पीपुल मीडिया फैक्ट्री, अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स और एके एंटरटेनमेंट्स के बैनर तले टी.जी. विश्व प्रसाद और अभिषेक अग्रवाल द्वारा किया गया है और इसका निर्देशन विनय कुमार सिरिगिनेडी ने किया है।



## रणदीप हुडा ने वीर सावरकर के नाम पर वीर रखा अपने नवजात घोड़े का नाम

एक्टर रणदीप हुडा ने पुणे से लौटते समय मुंबई और लोनावाला के बीच स्थित अस्तबल में अपने घोड़े से मुलाकात की। रणदीप अपने पुराने घोड़े रोमेल से मिले, उनकी घोड़ी ड्रीम गर्ल, जिसके बच्चे होप का नाम रणदीप की मां आशा के नाम पर रखा गया है,



के पास एक शिशु नर घोड़ा था, जिसे रणदीप ने पहली बार देखा था। रणदीप बच्चे के साथ खेले और उसकी हृष्ट–पुष्टता, शालीन एथलेटिक्स और स्वभाव को देखकर क्रांतिकारी वीर सावरकर के नाम पर उनका नाम वीर रख दिया। जब उनसे पूछा गया कि क्या नाम उनकी नवीनतम फिल्म वीर सावरकर से प्रेरित है, तो रणदीप ने साझा किया, आखरिकार मुझे अपनी ड्रीम गर्ल के नए बच्चे को देखने का समय मिल गया.. वह बहुत प्यारा, एथलेटिक और शर्मीला है.. उसका नाम वीर रखा.. मेरी आशा की दूसरी किरण बहुत बड़ी हो गई है। वह बहुत भूरी और सुंदर हो गई है। मेरे रिटायर योद्धा रोमेल फार्म में भी एक अच्छा जीवन जी रहे हैं.. मैं धन्य महसूस कर रहा हूं। रणदीप हुड्डा अगली बार भारतीय स्वतंत्रता के सशस्त्र स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख नेता विनायक दामोदर सावरकर के जीवन पर आधारित फिल्म स्वातंर्त्य वीर सावरकर में दिखाई देंगे।

## नो फिल्टर नेहा के छठे सीजन के साथ वापसी करेंगी अभिनेत्री नेहा धूपिया

लोकप्रिय पॉडकास्ट नो फिल्टर नेहा के छठे सीजन के साथ अभिनेत्री नेहा धूपिया वीडियो फॉर्मेट में वापसी कर रही हैं। अभिनेत्री पॉडकास्ट की निर्माता हैं। आगामी सीजन में नेहा को फिल्म उद्योग की प्रसिद्ध हस्तियों के साथ बातचीत करते हुए दिखाया जाएगा, जो श्रोताओं को इन प्रतिष्ठित व्यक्तियों के जीवन की एक विशेष झलक पेश करेगी। कुल आठ एपिसोड के साथ प्रत्येक एपिसोड खुलासे और अनफिल्टर्ड क्षणों का खजाना बनने के लिए तैयार है। मशहूर हस्तियों के साथ अनफिल्टर्ड बातचीत के लिए नेहा धूपिया के अनूठे दृष्टिकोण ने श्रोताओं को प्रभावित किया है, जिससे यह शो डिजिटल मनोरंजन क्षेत्र में एक प्रमुख शो बन गया है। उसी के बारे में बात करते हुए नेहा ने कहा, मैं जियो टीवी के साथ एक नए वीडियो प्रारूप में नो फिल्टर नेहा के छठे सीजन को फिर से पेश करने के लिए उत्साहित हूं। पॉडकास्ट को वास्तविक और सहज चर्चाओं के स्थान के रूप में विकसित होते देखना उल्लेखनीय रहा है। भारतीय सिनेमा की प्रमुख हस्तियों के 8 एपिसोड वाला यह सीजन और भी अधिक रोमांचक होने वाला है। फिल्म उद्योग के ग्लैमरस क्षेत्र की झलक पेश करने वाली स्पष्ट और अनफिल्टर्ड बातचीत के लिए खुद को तैयार करें। नया सीजन दर्शकों के लिए जियो टीवी पर उपलब्ध होगा।



## नामिनेशन में शाहरुख खान और रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल का बजा डंका, 12वीं फेल को भी मिली कुछ कैटेगरी

फिल्मफेयर पुरस्कार समारोह आम तौर पर हर साल मुंबई में होता है, लेकिन इस साल यह गुजरात के गांधीनगर में होगा और सितारों से भरा यह कार्यक्रम 28 जनवरी को होगा। पूरी फिल्मफेयर पुरस्कार 2024 नामांकन सूची देखने के लिए नीचे स्क्रॉल करें।

फिल्मफेयर अवार्ड्स 2024रू फिल्मफेयर अवार्ड्स के 69वें संस्करण के लिए बहुप्रतीक्षित नामांकन सूची की घोषणा कर दी गई है। रणबीर कपूर की एनिमल 19 नामांकन के साथ नामांकन सूची में सबसे आगे है। शाहरुख खान, जिनके लिए 2023 उनके करियर के सर्वश्रेष्ठ वर्षों में से एक था, ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता श्रेणी के तहत दो नामांकन प्राप्त किए। फिल्मफेयर पुरस्कार आम तौर पर हर साल मुंबई में होते हैं लेकिन इस साल यह गुजरात के गांधीनगर में होंगे। सितारों से सजी यह प्रतियोगिता 28 जनवरी को आयोजित की जाएगी।

## हीरो बनना मेरे लिए एक सपना था –ताहिर राज भसीन

एक्टर ताहिर राज भसीन की हिट सीरीज ये काली काली आंखें ने उनके स्क्रीन पर हिंदी फिल्म हीरो की भूमिका निभाने के सपने को साकार किया। ताहिर राज भसीन ने कहा, एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसका इंडस्ट्री से कोई लेना–देना नहीं है, मेरे लिए किसी प्रोजेक्ट में हीरो बनना और किसी फिल्म या सीरीज का टाइटल अपने कंधों पर रखना एक सपना था। मैं वास्तव में निर्देशक सिद्धार्थ सेन गुप्ता और ये काली काली आंखें की पूरी टीम का आभारी हूं कि उन्होंने मुझमें एक्टर बनने की आग देखी और मुझ पर एक फ्रंट–फुटेड हीरो बनने का भरोसा किया। उन्होंने आगे कहा, ये काली काली आंखें ने मुझे हीरो के रूप में लोगों का मनोरंजन करने में सक्षम बनाया जो रोमांस कर सकता है, जो जरूरत पडने पर आगे बढ़ सकता है, लड़ सकता है और वह व्यक्ति भी हो सकता है जिसने सभी मेजर प्लॉट प्वाइंट्स को ट्रिगर किया है! सिल्वर स्क्रीन के हीरो को अपना आदर्श मानने वाले किसी व्यक्ति के लिए यह एक ऐसा क्षण था जो अभी भी मेरे लिए सपने जैसा है। मैं इस प्रोजेक्ट का ऋणी हूं। अभिनेता ने आगे कहा कि एक हिट फिल्म या सीरीज का होना हमेशा एक बड़ा प्लस होता है क्योंकि नियति हर रिलीज के साथ लिखी और दोबारा लिखी जाती है। मैं इस बात से रोमांचित हूं कि ये काली काली आंखें ने मेरे लिए कितने दरवाजे खोल दिए हैं। मुझे खुशी है कि मैं लोगों का मनोरंजन कर सका और मेरे काम और शो के लिए प्रतिक्रिया और सराहना सकारात्मक थी। यह मेरे लिए अधिक ऊंचाइयां हासिल करने की दिशा में एक कदम था।

उन्होंने आगे कहा, ये काली काली आंखों की सफलता ने मुझे स्क्रीन पर विविधता लाने और अधिक एक्सपेरिमेंट करने के लिए प्रेरित किया और मुझे प्रोजेक्ट में हीरो को बनने के लिए अधिक ऑफर मिले!



## रश्मिका मंदाना ने फिटनेस गोल्स किए सेट, कहा– स्ट्रेचिंग करना न भूलें

एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने सोमवार सुबह अपने वर्कआउट की एक तस्वीर साझा की और कहा कि किसी को स्ट्रेचिंग करना नहीं भूलना चाहिए। फोटो शेयरिंग एप्लिकेशन इंस्ट्राग्राम पर रश्मिका के 41.1 मिलियन फॉलोअर्स है। रश्मिका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर जिम में वर्कआउट करते हुए अपनी एक तस्वीर साझा की। उन्होंने ब्लैक कलर की टी शर्ट और रेड शॉर्ट्स पहने हुए है।



फोटो को कैप्शन दिया गयारू स्ट्रेच करना न भूलें!! यह आपके शरीर के लिए अच्छा है! गुड मॉर्निंग सभी को वर्कफ्रंट की बात करें तो, उन्हें अब से पहले एनिमल में देखा गया था, जिसमें रणबीर कपूर रणविजय सिंह और अजीज हक की दोहरी भूमिका में थे। उनकी अगली फिल्म पुष्पा 2 द रूल, रेनबो और द गर्लफ्रेंड है।

## सुरभि चंदना ने लगाया 'मानसिक रूप से प्रताड़ित' करने का आरोप

अभिनेत्री सुरभि चंदना ने एक एयरलाइन पर उन्हें 'मानसिक रूप से प्रताड़ित' करने का आरोप लगाया है। हालांकि बाद में एयरलाइन ने अभिनेत्री को आश्वस्त किया कि उनके मुद्दे का समाधान कर दिया जाएगा।



मुंबई। अभिनेत्री सुरभि चंदना ने एक एयरलाइन पर उन्हें 'मानसिक रूप से प्रताड़ित' करने का आरोप लगाया है। हालांकि बाद में एयरलाइन ने अभिनेत्री को आश्वस्त किया कि उनके मुद्दे का समाधान कर दिया जाएगा। नागिन 5 और कुबूल है जैसे टेलीविजन धारावाहिकों में काम कर चुकी चंदना ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 'विस्तारा' एयरलाइन टैग करते हुए अपनी आप बीती बताई। अभिनेत्री ने कहा, "सबसे खराब एयरलाइन का पुरस्कार 'विस्तार' को जाता है। मेरे बैग को गुम कर दिया और इसका कारण उन्हीं को पता होगा। उन्होंने पूरा दिन बर्बाद कर दिया है और मुझे अब भी आश्वासन नहीं मिला है कि बैग मुंबई के फ्लैट तक पहुंच गया है या नहीं.. अक्षम कर्मचारियों के झूठे वादे।" एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, " उन्होंने इतना भी भरोसा नहीं दिलाया कि बैग मिलने के बाद उसे भेजने का इंतजाम कर सकते हैं या नहीं। उन्होंने मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया।" 'विस्तारा' ने जल्द ही अभिनेत्री के पोस्ट का जवाब दिया और इस मुद्दे का समाधान करने का वादा किया।

## मृणाल ठाकुर ने अंकिता लोखंडे को दी बधाई, एक्ट्रेस के लिए दिया खास मैसेज

बिग बॉस 17 अपने सीजन के फिनाले से बस कुछ ही दिन दूर है। लोकप्रिय रियलिटी टीवी शो के प्रशंसक सीजन के विजेता का पता लगाने के लिए फिनाले एपिसोड का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। न केवल दर्शक बल्कि कई बी–टाउन हस्तियां अपने पसंदीदा गृहिणी को अपना समर्थन देने के लिए आगे आई हैं। बिग बॉस 17 अपने सीजन के फिनाले से बस कुछ ही दिन दूर है। लोकप्रिय रियलिटी टीवी



शो के प्रशंसक सीजन के विजेता का पता लगाने के लिए फिनाले एपिसोड का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। न केवल दर्शक बल्कि कई बी–टाउन हस्तियां अपने पसंदीदा गृहिणी को अपना समर्थन देने के लिए आगे आई हैं। इससे पहले, कंगना रनौत ने अंकिता लोखंडे की वकालत की और शो जीतने के लिए अपना समर्थन दिया। अब, मृणाल ठाकुर ने सीजन की अपनी पसंदीदा प्रतियोगी और एक बार फिर अंकिता को बधाई दी है। मृणाल ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अंकिता की तस्वीर और उसके साथ एक विशेष संदेश के साथ एक स्टोरी साझा की। उन्होंने लिखा श्शमेरी लड़की सबसे मजबूत। उन्होंने लिखा, श्शआपको ताकत और प्यार भेज रही हूं। मृणाल और अंकिता ने लोकप्रिय टीवी शो पवित्र रिश्ता में एक साथ काम किया है, जिसमें उन्होंने बहनों की भूमिका निभाई थी। इससे पहले, कंगना अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर गईं, जहां उन्होंने अंकिता की सास के साक्षात्कार से एक स्निपेट साझा किया, जिसमें वह इस बारे में बात करती नजर आ रही हैं कि उन्हें ट्रॉफी क्यों उठानी चाहिए। तेजस अभिनेत्री ने लिखा, मीडिया उनके परिवार को तोड़ने की पूरी कोशिश कर रहा है, वे अंकिता लोखंडे की सासुमा को उनके पक्ष में नहीं दिखाएंगे, अंत में वह हंसी भी पसंद है३ हा हा .. बहुत प्यारी चाची, रियलिटी शो आते हैं

और जाते हैं लेकिन परिवार हमेशा के लिए है, मुझे उम्मीद है कि मेरी दोस्त अंकिता लोखंडे जीतेगी लेकिन अपनी शादी की कीमत पर नहीं। पिछले हफ्ते, बिग बॉस ने बीबी हाउस के अंदर प्रत्येक सदस्य के परिवार के एक सदस्य को उनके साथ क्वालिटी टाइम बिताने के लिए शो में प्रवेश करने की अनुमति दी थी। अंकिता लोखंडे की मां बिग बॉस 17 के घर में प्रवेश करने वाली पहली व्यक्ति थीं। अंकिता को उम्मीद थी कि उसकी सास उसके व्यवहार के बारे में शिकायत करेगी लेकिन इसके बजाय, जब वह घर में दाखिल हुई तो शुरुआत में उसने उसे बहुत लाड़–प्यार दिया।

## आमिर खान की बेटी आयरा खान के रिसेप्शन की तस्वीरें सामने आयी, लाल लहंगे में दिखी खूबसूरत

टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने आखिरकार अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड और बिजनेसमैन करण शर्मा के साथ अपनी शादी की घोषणा कर दी है। उनकी शादी की अफवाहें काफी समय से चल रही हैं। लेकिन आखध्रिकार इस जोड़े ने इस बारे में आधिकारिक घोषणा कर दी है। बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने उड़ान में देरी के दौरान एयरलाइन क्रू का बचाव करने के लिए अपने ट्विटर प्रोफाइल का सहारा लिया। सर्द मौसम और कोहरे के कारण देशभर



में कई उड़ानें देरी से चल रही हैं। कई टीवी और फिल्म अभिनेताओं ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कई एयरलाइनों की उनके कुप्रबंधन के लिए आलोचना की। लेकिन इन सबके उलट सूद एयरलाइन के समर्थन में आ गए और लोगों से केबिन क्रू के साथ शांति से निपटने का अनुरोध किया। इसके अलावा टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने आखिरकार अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड और बिजनेसमैन करण शर्मा के साथ अपनी शादी की घोषणा कर दी है। उनकी शादी की अफवाहें काफी समय से चल रही हैं। लेकिन आखध्रिकार इस जोड़े ने इस बारे में आधिकारिक घोषणा कर दी है। बता दें, चंदना को स्टार प्लस के लंबे समय से चल रहे शो इश्कबाज और एकता कपूर के नागिन में उनके काम के लिए जाना जाता है।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र



# घर के पास मिलेगी टीबी मरीजों को एक्स–रे की सुविधा

## जिस गांव में सर्वाधिक टीबी के मरीज मिले हैं वहां लगाया जायेगा शिविर मौके पर ही पोर्टेबल एक्स–रे मशीन से होगी जाँच

संवाददाता

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में टीबी की जांच के लिए घर के पास ही एक्स–रे की सुविधा प्रदान की जाएगी। हालांकि यह सुविधा उन विशेष ब्लॉक व गांव में में वरीयता से प्रदान की जाएगी जहां अभियान के दौरान सर्वाधिक क्षय (टीबी) रोगी मिले हैं अथवा मिलते हैं। इन स्थानों पर विशेष शिविर लगाकर लक्षण वाले (संभावित) मरीजों का टीबी जांच के लिए मौके पर एक्स–रे किया जाएगा। टीबी की पुष्टि होने पर संबंधित स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाकर उनका इलाज कराया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश झा ने बताया कि वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में एक मार्च से सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान जिस भी ब्लॉक व गांव में सर्वाधिक टीबी के मरीज मिलेंगे, या फिर पूर्व चलाए गये अभियानों के दौरान अधिक संख्या में टीबी मरीज मिले हैं, वहाँ शिविर लगाकर लक्षण वाले अन्य व्यक्तियों का मौके पर पोर्टेबल हैंड हेड एक्स–रे मशीन से एक्स–रे किया जायेगा। टीबी की पुष्टि होने पर उसका इलाज कराया जायेगा। सीएमओ ने बताया कि सेंटर फॉर हेल्थ रिसर्च इनोवेशन जीत 2.0 प्रोग्राम जिले में पिछले दो वर्षों से टीबी की रोकथाम के लिए कार्य कर रहा है। इसमें जिस भी घर के सदस्य को पल्मोनरी टीबी (फेफड़े वाली टीबी) है। उस घर में पांच वर्ष से ऊपर वाले सदस्यों का एक्स–रे कराया जाता है। पुष्टि वाले मरीजों को छोड़कर घर के अन्य सभी छोटे–बड़े सदस्यों को टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी (टीपीटी) दी जाती है, जिनका फालोअप भी किया जाता है।टीबी के लक्षण हों तो जरूर कराएं जांच जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि जिले में जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक 5531 टीबी के मरीज मिले हैं। सभी मरीजों का इलाज कराया गया। डॉ. चौधरी ने बताया कि दो सप्ताह या अधिक समय तक खांसी, खांसी के साथ बलगम आना, बलगम में खून आना, वजन कम होना, भूख न लगना, सीने में दर्द होना, शाम को हल्का बुखार आना आदि टीबी के लक्षण हैं । इस तरह के लक्षण नजर आयें तो जाँच जरूर कराएँ।

# मानव अधिकार सहायता संघ अंतरराष्ट्रीय की हुई बैठक

संवाददाता

देवरिया (उ0प्र0)देवरिया जिले मे आज मानवाधिकार सहायता संघ अंतरराष्ट्रीय का बैठक भाटपार रानी विधानसभा के बनकटा ब्लाक के बंधुछापर गांव में बैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ के भाटपार रानी के विधानसभा प्रभारी आरती सिंह ने किया और पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रदेश प्रभारी व देवरिया जिले के जिला अध्यक्ष कर्मवीर योद्धा अखिलेश कुमार योगी ने अपने संबोधन में कहा की मानव अधिकार सहायता संघ अंतरराष्ट्रीय अन्याय अत्याचार भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने का कार्यकर्ता है युवाओं को जागरूक करने का कार्य करता है नशा मुक्त समाज की स्थापना करने का कार्य करता है और सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य करता है और श्रम विभाग की सारी योजनाओं को बताएं विश्वकर्म योजना की सारी योजनाओं को बताएं और अन्य भी जितनी सरकारी योजनाएं हैं उनको बताने का कार्य किया और नारी सशक्तिकरण मिशन अभियान के तहत कहां की नारी अबला नहीं सबला है प्रत्येक नारी अपने को स्वयं आत्मनिर्भर बने अपने पैरों पर खड़ा होने का प्रयास करें और महिला सहायता एवं सुरक्षा चक्र का एक एक टोल फ्री नंबर का कहा और कैसे प्रयोग किया जाय इसको बताये उक्त अवसर



पर जिले के महिला प्रकोष्ट के जिला मंत्री सोनी देवी व गायत्री देवी बदामी देवी अहिल्या देवी आरती देवी ममता देवी अहिल्या देवी सुशीला देवी जुनी देवी संध्या देवी तितरी देवी चिंता उषा प्यारी देवी फुलवंती शीला कृष्णावती उर्मिला सुनंदा देवी शनिचरी जोगिंदर प्रसाद रुदल स्वामीनाथ सुंदर पति देवी शाहिदा खातून संध्या देवी राजपति देवी किस्मती देवी फुलवंती देवी चिंता देवी कृष्णावती देवी नीता देवी मर्जावादी देवी इत्यादि तमाम लोग उपस्थित रहे।

# योजनाएं पहुंच रही जनता के द्वार – शलभ मणि

संवाददाता

देवरिया। गौरी बाजार विकास खंड क्षेत्र के ग्राम बसडिला और चिलौना में विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन पहुंचने पर क्षेत्र की जनता ने भव्य स्वागत किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि भारत में विकास का नया कीर्तिमान बन रहा है। गांव से लेकर शहर तक एक समान विकास को रफ्तार दी जा रही है। किसानों के हित को देखते हुए उनके खाते में सम्मान निधि भेजने के साथ ही खाद, बीज की उपलब्धता पर्याप्त रूप से की जा रही है, पूर्व की सरकारों में किसानों को खाद बीज के लिए आंदोलन करना पड़ता था। अब सुविधा और स्वास्थ्य जरूरतमंदों को घर तक



पहुंचाया जा रहा है। मूलभूत सुविधाओं के साथ भारत के गौरवशाली संस्कृति को सरकार संवारने का काम कर रही है। इस दौरान वहां उपस्थित गर्भवती महिला का गोदभराई कार्यक्रम भी किया गया तथा छोटे मासूम बच्चे का अन्नप्राशन भी किया गया । विधायक ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया तथा उपस्थित जनता से ये वादा भी किया कि 22 जनवरी के बाद सबको अयोध्या में भगवान राम का दर्शन भी कराया जायेगा इसके लिए हम लोग तैयारी कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि आज तक ऐसी कोई सरकार नहीं है जिसने सरकारी योजनाओं को आम नागरिकों के दरवाजे तक लाई हो इसके पहले जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए महीनो तहसीलों और सरकारी दफ्तरों का चक्कर लगाना पड़ता था लेकिन मोदी और योगी की सरकार में अधिकारी खुद जनता के दरवाजे तक योजनाओं को लेकर पहुंच रहे हैं, ये मोदी सरकार की गारंटी है । उन्होंने कहा कि भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा में हर धर्म के लोगों का सहयोग मिल रहा है, प्राण प्रतिष्ठा का सबसे पहला निमंत्रण बाबरी मसजिद के मुद्दई इकबाल अंसारी को दिया गया और उन्होंने कहा कि हम जरूर आएंगे क्योंकि राम हमारे पूर्वज थे । इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक संजय तिवारी, राजेश मिश्रा, बृजेश गुप्ता और सरकारी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी गण उपस्थित रहे ।

# शुभाशीर्वाद के साथ 701 जोड़ों ने थामा एक–दूजे का दामन

## – मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का जीआईसी ग्राउंड में हुआ आयोजन

बांदा। जीआईसी ग्राउंड में मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इसमें 701 जोड़ों ने एक–दूजे का दामन थामा। पूरे विधि विधान के साथ सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री जलशक्ति स्वतंत्रदेव सिंह और राज्यमंत्रियों के अलावा जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। सभी ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। कैबिनेट मंत्री श्री सिंह ने कहा कि उनके लिए बडे सौभाग्य की बात है कि वह वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए। कहा कि सरकार ने तीन लाख से अधिक गरीब कन्याओं का विवाह करवाया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की धनराशि 31 हजार से बढ़ाकर 51 हजार रूपये की है। प्रदेश सरकार ने महिलाओं को रोजगार में प्राथमिकता दी है। 40 हजार बेटियों की पुलिस में भर्ती की है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में जो सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकगीत तथा वैवाहिक गीतों का चयन किया गया है, वह बहुत उत्कृष्ठ श्रेणी का रहा है। उन्होंने कन्या सुमंगला योजना, मिशन शक्ति योजना, उज्जवला योजना तथा प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दन योजना, जननी सुरक्षा योजनाओं के बारे में भी बताया। विद्युत की पर्याप्त विद्युत आपूर्ति किये जाने के साथ प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना से गरीबों को पक्के मकान, गरीब परिवारों के लिए निशुल्क राशन का वितरण तथा बेटियों को शिक्षा की व्यवस्था के साथ अनेकों महत्वपूर्ण योजनायें संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गोंड ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश सरकार बेटी के जन्म होने पर जननी सुरक्षा योजना से लाभ प्रदान करती है तथा कन्या सुमंगला योजना से शिक्षा तक की समुचित व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में उनके विवाह की भी जिम्मेदारी का भी निर्वहन कर रही है। बेटियों के खाते में इस योजना के अन्तर्गत 35 हजार की धनराशि भेजी जा रही है, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित रह सके। जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि वैदिक रीति–रिवाज के साथ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन त्यौहारों के शुरू होने के पहले चरण में किया जा रहा है। इसके साथ ही 22 जनवरी को रामोत्सव का कार्यक्रम के अन्तर्गत रामजन्म भूमि में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा। इस दौरान सभी लोग पांच–पांच दीपक अपने घरों में जलाकर उत्सव मनाएंगे। सांसद बांदा–चित्रकूट आरके पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बेटियों के हितों में अनेकों योजनायें संचालित हैं, जिसमें बेटी बचाओ–बेटी पढाओ, कन्या सुमंगला योजना एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अत्यन्त लाभाकारी एवं महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने नव दंपतियों को बधाई दी। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2017 से यह कार्यक्रम शुरू किया गया था, जो कि निरन्तर प्रतिवर्ष चल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार बेटियों के जन्म से लेकर पढ़ाई–लिखाई एवं उनके विवाह तक की सम्पूर्ण जिम्मेदारी निभा रही है। गरीब परिवारों की बेटियों की शादी के लिए धनाभाव होने के कारण परिवार के लोंगो को चिन्ता होती थी तथा बेटियों की शादी में विलम्ब हो जाता था। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से गरीब परिवारों को अपनी बेटियों की शादी करने में बहुत मदद मिल रही है। विधायक नरैनी ओममणि वर्मा ने नवदम्पत्य जोडों को अपनी शुभकामनाओं देते हुए मुख्यमंत्री द्वारा चलायी जा रही इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि हर गरीब के लिए यह योजना बहुत ही उपयोगी एवं लाभदायक है। सरकार द्वारा यह योजना बिना किसी भेद–भाव के सभी वर्गों के लोंगो की बेटियों के विवाह के लिए चलाई जा रही है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सांस्कृतिक उत्सव 2023 के अन्तर्गत मण्डल स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में चयनित किये गये प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों द्वारा उत्कृष्ट कोटि के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें सुश्री पियंका द्वारा लोकगीत, आल्हा, देशभक्ति से सम्बन्धित गीत एवं संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। वैवाहिक समारोह में पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख बडोखर खुर्द स्वर्ण सिंह सोनू, नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू, नगर पालिका अतर्रा अध्यक्ष संगीता, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के अध्यक्ष अयोध्या सिंह पटेल, संतोष गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी वेदप्रकाश मौर्य, समस्त अपर जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, कार्यक्रम संयोजक जिला समाज कल्याण अधिकारी अभिषेक कुमार अवस्थी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला अर्थ एवं

# बीट कांस्टेबल के तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

संवाददाता

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे मिली जानकारी के मुताबिक विगत दिनों बनकटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सभा छितौनी में चोरीध्डकैती के नियत से आए अपराधियों में से एक पकड़े गए अपराधी से अज्ञात लोगों द्वारा पेड़ की डाली में हाथ बांधकर नाम पता पूछताछ का वीडियो वायरल होने के आधार पर, हल्का कांस्टेबल दिलीप यादव के द्वारा वायरल वीडियो के आधार पर संज्ञान लेते हुए थानाध्यक्ष बनकटा को दिए एक तहरीर में इसे अपराध की श्रेणी में होने का हवाला देते हुए, वायरल हुए बीडीओ के कारण से इसका संज्ञान ले कर अज्ञात से पूछताछ करने वालों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अज्ञात के विरुद्ध जांच की मांग की गई है। इस प्रकरण में मुकामी पुलिस के द्वारा अभियोग पंजिकृत कर जांच शुरू कर दी गई है। उक्त प्रकरण की जांच बनकटा थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर राघवेंद्र सिंह को दिए जाने की खबर है। जबकि मामले में पकड़े गए युवकध्नाम पता अज्ञात द्वारा लगातार स्थानीय पुलिस को गलत जानकारी दे कर गुमराह करने की खबर सामने आई है।सवाल यह उठता है कि आखिर बिना पुलिस जांच के अलग अलग शहर कस्बे में रह कर फेरी के नाम पर क्षेत्र में लगातार शान्ति व्यवस्था को चुनौती पेश करते आ रहे अपराधियों की शिनाख्त एवं क्राइम कुण्डली स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस द्वारा कब किया जाएगा, जब कोई बड़ी घटना और हो जाएगी शायद तब ही इनकी जांच शुरू हो सकेगी। फिलहाल इलाके के लोग सहमे हैं। आखिर कितने बड़े गैंग हैं इनके जिनका नाम पुलिस भी नहीं उगलवा पा रही है। देखना होगा आने वाले समय में पुलिस प्रशासन इनसे कैसे राज उगलवा सकेगा।

# देवरिया पुलिस की बड़ी लापरवाही, नहीं कर सकी 22 लाख की चोरी का खुलासा

संवाददाता

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे पुलिस की बड़ी लापरवाही, नहीं कर सकी 22लाख की चोरी का खुलासा देवरिया जिले के महुआडीह थाना क्षेत्र के दादन भटनी चौराहे पर एक ज्वेलरी की दुकान से 2 जनवरी को चोर दीवाल तोड़कर दुकान में रखी लाखों की ज्वेलरी और कैश लॉकर तोड़कर चुरा ले गए। वहीं चोरों की नजर जब दुकान में लगे सीसी टीवी कैमरे पड़ी तो कैमरा के साथ डिवीआर भी तोड़ कर चुरा ले गए जिसकी सूचना पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को दी मौके पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच भी की लेकिन चोरी की घटना का खुलासा अभी तक देवरिया पुलिस नहीं कर पाई है।पीड़ित दुकानदार का कहना है कि हमारी दुकान में यह चौथी बार चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। वहीं जिले के स्वर्ण व्यवसाइयों ने कहा कि चोरी का खुलासा पुलिस जल्द करे। कब तक हमलोग चोरों का आतंक सहेंगे। वहीं क्षेत्राधिकार ने बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में है जांच कर इस घटना का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# बेटी ने अपने बाप पर लगाई छेड़खानी की आरोप, पुलिस ने दर्ज की मुकदमा

ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे एक मानव को शर्मसार करने वाली खबर अखबारों में प्रकाशित हुई है आधी रात को पिता ने बेटी के साथ की छेड़खानी बेटी ने देवरिया सदर कोतवाली में दी तहरीर। माता–पिता भाई बहन यह वह रिश्ते हैं जो दुनिया में सबसे पवित्र और सबसे विश्वास पात्र होता है यह रिश्ते में विश्वास इतना होता है कि इसकी कभी कोई बुराई कल्पना भी नहीं कर सकता लेकिन देवरिया जनपद की एक बेटी ने अपने ही पिता पर ऐसी आरोप लगाई है जिसने भी यह खबर जाना उनके पैरों तले जमीन खिसक गई आखिर एक अपने ही बेटी के साथ कैसे कर सकता है छेड़खानी लेकिन आज देवरिया जनपद के सभी अखबारों का सुर्खिया बना है यह खबर क्या है पूरा मामला आप भी जान ले। प्रतिष्ठित अखबार अमर उजाला के मुताबिक मां के पास सो रही बेटी के पास आधी रात में पिता पहुंचकर करने लगता है छेड़खानी पिता के इस गंदी हरकत की वजह से बेटी काफी आहत हो गई थी एक पिता आखिर अपने ही बेटी के साथ गंदी हरकत कैसे कर सकता है बेटी को यह सदमा बर्दाश्त नहीं हुई और हैवान पिता के खिलाफ देवरिया सदर कोतवाली पहुंचकर शिकायत की कार्रवाई की मांग की अखबार के मुताबिक कार्रवाई करने के बजाय पुलिस मामले को टालमटोल करने लगी लड़की को लगा की न्याय नहीं मिलेगा तो देवरिया एसपी संकल्प शर्मा से बहन की मदद से इसकी शिकायत की इसके बाद पुलिस ने 3 महीने बाद आरोपी पिता पर केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी हुई है। यह मामला देवरिया जनपद में काफी सुर्खियां बना हुआ है आखिर एक आप अपनी बेटी के साथ कैसे छेड़खानी कर सकता है यह पूरा मामला देवरिया जनपद के शहर के एक मोहल्ले की बताई जा रही है शहर की एक मोहल्ले के रहने वाली युवती ने 16 अक्टूबर की रात में अपनी मां के पास सोई हुई थी कि रात में करीब 2रू00 बजे पिता आया और गंदी हरकत करने लगा गंदी हरकत देख बेटी ने शोर मचाई इसके बाद उसकी मां की नींद खुल गई इसके बाद आरोपी पिता मारपीट करने की धमकी देने लगा पिता के इस हरकतों से आहत बेटी ने देवरिया सदर कोतवाली में इसकी शिकायत की लेकिन पुलिस ने इस पर उचित कार्रवाई नहीं किया और टालमटोल करने लगी इसके बाद युवती ने। गोरखपुर में रहने वाली बहन की मदद ली और पूरी घटना की जानकारी बताई उसके बाद बहन ने देवरिया एसपी से मिलकर इसकी शिकायत की एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# मोबाइल में गेम खेलने के बाद छात्र फंदे में झूला हुई मौत

सवाददाता।

सुमेरपुर–हमीरपुर । सुमेरपुर थाना क्षेत्र के बांकी गांव में सोमवार को देर शाम मोबाइल में गेम खेलने के बाद कक्षा 11वीं के छात्र ने फंदा लगा लिया। फंदे पर झूलता देखकर परिजनों ने इसको इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। बांकी गांव निवासी लेखराम साहू का पुत्र नितिन साहू 17 वर्ष कस्बे के एक कालेज में कक्षा ग्यारह में पढ़ता था। तीन भाइयों में यह दूसरे नंबर का था। सोमवार की शाम यह मोबाइल पर गेम खेलता रहा। इसके बाद इसने घर पर ही फंदा लगा लिया। फंदे पर झूलता देखकर परिजन इसको फंदे से उतारकर इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। यहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक छात्र के पिता लेखराम साहू ने बताया कि यह शाम को मोबाइल पर गेम खेल रहा था। वह पत्नी के साथ दूसरे घर में पिता के पास चला गया था। तभी इसने फंदा लगा लिया। जब वह वापस आएं तो उसको फंदे में लटकता पाया। यह घटना को क्यों अंजाम दिया उन्हें जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि वह कस्बे के एक कांलेज में कक्षा 11 का छात्र था।

# प्रांतीय सचिव का सपाइयों ने किया जोरदार स्वागत

संवाददाता।

हमीरपुर । समाजवादी पार्टी की प्रांतीय कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव बनाए जाने के बाद मुख्यालय आए पूर्व चेयरमैन का सपाइयों ने सपा कार्यालय में जोरदार जोरदार स्वागत करते हुए कहा कि उनके प्रांतीय सचिव बनने से पार्टी को पूरे प्रदेश में मजबूती मिलेगी। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने हमीरपुर के पूर्व चेयरमैन मुन्नीलाल निषाद को प्रदेश सचिव नामित किया है। मंगलवार को पार्टी कार्यालय आने पर सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इनके प्रांतीय सचिव बनने से पूरे प्रदेश में पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष राजबहादुर पाल, नंदकिशोर शिवहरे, शिवशरण यादव, सोनिया सोनी, रामप्रकाश प्रजापति, सुरेंद्र यादव, नीरज कश्यप, रणबहादुर यादव, रामप्रकाश यादव, गोपाल वर्मा, सलीम खान, गया प्रसाद अनुरागी, ज्ञानी यादव, परशुराम प्रजापति आदि सपाई मौजूद रहे।

# भारतीय जनता पार्टी ने जारी की नए मंडल अध्यक्षों की सूची

हमीरपुर । भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील पाठक द्वारा अपने सभी 12 मंडलों के मंडल अध्यक्षों की नई सूची जारी कर दी गई। नाम की घोषणा होते ही सभी मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में खुशी देखने को मिली। इन 12 मंडल अध्यक्षों की सूची में पांच मंडल अध्यक्ष वेदप्रकाश आर्य हमीरपुर नगर, चक्रवर्ती शुक्ला सुमेरपुर पश्चिम, अरिमर्दन सिंह सुमेरपुर पूर्वी, अरुण राजपूत सरीला, अजय तिवारी मौदहा पश्चिम पुनः दोबारा इसी पद पर कार्य देखेंगे।

# रोहारी गांव में भव्य कलश यात्रा का हुआ आयोजन

संवाददाता।

मौदहा–हमीरपुर । मौदहा क्षेत्र के रोहारी गांव में आज भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गांव की गलियों में डीजे की धुन में राम भक्त भक्ति गीतों में थिरकते नजर आए। इस दौरान कमेटी कार्यकर्ताओ सहित गांव की महिलाएं और बूढे बच्चे मौजूद रहे। मौदहा क्षेत्र के रोहारी गांव स्थित साढे बाबा दरबार में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हर वर्ष की भांति इस साल भी किया जा रहा है। कमेटी कार्यकताओं ने बडी ही धूमधाम से पूरे गांव में भव्य कलश निकाली। पूरे गांव में कलश यात्रा के दौरान महिलाएं और बच्चे भक्ति गीतों में थिरकते नजर आए साथ ही डीजे की धुन मे घोडों का सुंदर नृत्य इस कलश यात्रा में आकषर्ण का केन्द्र बना। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# विराट क्रिकेट टूर्नामेंट रतवा एवं इचौली के मध्य खेला गया

संवाददाता।

मौदहा–हमीरपुर । इचौली के जय मां शीतला ग्राउंड में विराट क्रिकेट टूर्नामेंट में रतवा एवं इचौली के मध्य खेला गया। जिसमे रतवा ने टांस जीतकर पहले क्षेत्र क्षण किया। इचौली की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में चार विकेट गंवाकर विकास शुक्ला के शानदार 33 रन एवं ऋषि तिवारी के 44 रनों की बदौलत 118 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रतवा की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही परंतु लगातार बड़े शांट खेलकर 11 रन प्रति ओवर से रन बनाए एक समय मात्र तीन खिलाड़ी बच्चे थे और तीन ओवर में 33 रनों की आवश्यकता थी। अंततः अच्छा खेल दिखाते हुए रतवा की टीम ने आखिरी दो गेंद शेष रहते मैच को एक विकेट से अपने नाम किया। आशीष के ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार समाजसेवी सतीष तिवारी की तरफ से दिया गया। कमेंट्रेटर अनुरुद्ध शुक्ला, अनुज बाजपेई पंकज शुक्ला अम्पायर रहे। मुख्य अतिथि के रूप में राजाबाबू यादव, कमेटी अध्यक्ष फूलचंद तिवारी, पंकज शुक्ला ऋषि, कमलेश शुक्ला शिवाकांत शुक्ला, सोमजी, सीराज प्रजापति, जयसिंह यादव, श्यामू शुक्ला लोग उपस्थित रहे।

# सदर विधायक ने छात्र छात्राओं को बांटे स्मार्टफोन

सुमेरपुर–हमीरपुर । जनपद के सिसोलर स्थिति किशनू बाबू शिवहरे महाविद्यालय में सदर विधायक डा. मनोज प्रजापति ने छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश व केन्द्र सरकार की यह एक महत्वपूर्ण तकनीकी योजना है। जिसका एक मात्र उद्देश्य युवाओं को तकनीकी दृष्टि से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने ने छात्र छात्राओं को नमो एप के बारे मे विस्तार से अवगत कराया। विधायक ने कहा कि इस एप से जुडने पर युवाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी होगी। साथ ही प्रधानमंत्री से भी मुखातिब हो सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. भवानीदीन ने कहा कि युवाओं को युवा विधायक से प्रेरणा लेनी चाहिए। आज के डिजिटल भारत में तकनीक का बडा महत्व है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।